रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com
वर्ष-02 अंक-58 कोलकाता, बुधवार 24 अप्रैल 2024, संवत् 2079 पृष्ठ-12
मूल्य 3 रु.

## मौसम के मिजाज ने फिर डराया ! और बढ़ेगा संकट

● 40 डिग्री के पार होगा तापमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू की मार ने लोगों को बेहाल कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अभी इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में हीट वेव अगले 5 दिन तक जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा,



झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति है और यह इस महीने में दूसरी बार है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में लू की स्थिति बनी हुई है। तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, बंगाल और बिहार में उच्च आर्द्रता लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। दिल्ली में अगले 3 दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा।

## मलेशिया के 2 नेवी हेलीकॉप्टर टकराए 10 लोगों की मौत

● परेड रिहर्सल में हादसा

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** मलेशियाई नेवी के 2 हेलीकॉप्टर मंगलवार को हवा में टकरा गए। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। मलेशियाई नेवी ने बताया कि रॉयल मलेशियन नेवी परेड की रिहर्सल के दौरान यह हादसा हुआ। मारे गए सभी लोग नेवी के क्रू मेंबर्स थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक,



हादसा मंगलवार सुबह 9.30 बजे पेराक में लुमुत नेवल बेस पर हुआ। सभी शवों को लुमुत एयरबेस के अस्पताल भेजा गया है, जहां इनकी पहचान की जाएगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मरने वाले सभी लोगों की उम्र 40 साल से कम है। हेलीकॉप्टर्स की टक्कर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मलेशियन फ्री प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नेवी की 90वीं सालगिरह पर परेड के लिए रिहर्सल चल रही थी। तभी हेलीकॉप्टर फेनेक हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया। इसके बाद फेनेक हेलीकॉप्टर एक स्विमिंग पूल में जा गिरा।

## पप्पू यादव को हराने तेजस्वी ने मांगा 'एनडीए' के लिए वोट

● पूर्णिया लोकसभा सीट पर की एनडीए को चुनने की अपील

**पूर्णिया (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट की जनसभा में तेजस्वी यादव ने जिस अंदाज में वोट इंडिया या एनडीए को देने को कहा वह एक राजनीतिक ब्लंडर है या उनकी राजनीति की कोई नई चाल। क्या भविष्य की



राजनीति को सेफेस्ट मोड में ले जाने की यह व्यूह रचना तो नहीं है या फिर नीतिश कुमार के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर रख रहे तेजस्वी की रणनीति का ही यह हिस्सा है। देश में चुनावी संघर्ष का जो दौर चल रहा है उस फलसफे पर इंडिया गठबंधन है या फिर एनडीए है। इन बातों को आधार बना कर तेजस्वी यादव ने साफ कहा या तो बीमा भारती को चुनो, या फिर एनडीए को। यह चुनाव बड़ी लड़ाई है। किसी एक के धोखे में नहीं आना है। यहां सिर्फ दो धड़ा है एक इंडिया और दूसरा एनडीए। इसलिए या तो बीमा भारती को चुनिए या फिर एनडीए को जिता दीजिए।

# अरे ये तो योगी बाबा हैं ! सीएम को देख बच्चे हुए 'अभिभूत'

### गोरखनाथ मंदिर में घूम रहे थे बच्चे, सीएम ने प्रेम से दुलारा, बांटे चॉकलेट




**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मौजूद हैं, ऐसे में गोरखनाथ मंदिर में अपने प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह परिसर में भ्रमण के समय छोटे-छोटे बच्चों को सामने देखकर उनका बालप्रेम फिर जाग उठा। वह बच्चों के पास गए, उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया और उनका हाल-चाल जाना। लोक सभा चुनाव 2024 के सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चुनावी दौरा कर रहे हैं। कई जगह उनकी सभाएं आयोजित है। ऐसे में किसी विशेष अवसर पर गोरखनाथ मंदिर आना नहीं भूलते। नवरात्र के दौरान भी उनका गोरखपुर आना-जाना लगा रहा। इसी बीच सोमवार की शाम को वह एक बार फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे, क्योंकि मंगलवार को हनुमान जयंती थी। यहां उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। तो वहीं प्रातः काल भ्रमण के दौरान अपने सामने छोटे-छोटे बच्चों को देखकर उनका बाल प्रेम एक बार फिर जागृत होता दिखा। जैसे ही उन्होंने अपने सामने बच्चों को देखा तो उनके पास पहुंच गए और उनका नाम और हाल-चाल पूछते हुए अपने हाथों से चॉकलेट दी। साथी ही आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान बच्चे भी मुख्यमंत्री को अपने इतने पास देखकर अभिभूत थे। बच्चों का कहना था कि यह तो बाबा योगी जी हैं जो हमें टीवी पर अक्सर दिखते हैं। हमें पता था कि वह गोरखनाथ मंदिर में ही रहते हैं। आज उन्हें देख भी लिया, उन्होंने हमें अपने हाथों से चॉकलेट दी और खूब पढ़ने लिखने का आशीर्वाद भी दिया।

# आ रहा 'जल-प्रलय', हिमालय ने बजा दी है खतरे की 'घंटी'

### तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर बन रहे आम जनजीवन के लिए खतरा

### सैटेलाइट तस्वीरों से इसरो ने खोला राज, मिल रहेहैं कई परिवर्तन के संकेत





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** सदियों से हिमालय भारत का सिरमौर रहा है। यह भारत का प्राकृतिक प्रहरी रहा है, जलवायु विभाजक भी है। साइबेरिया से आने वाली ढंडी बयारों को रोककर भारत में एक अलग जलवायु तंत्र बनाने वाला भी रहा है लेकिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि जल्द ही उत्तर का यह मस्तक और प्रहरी देश में प्रलय मचा सकता है। हिमालय को बड़े-बड़े ग्लेशियर और बर्फ के विशाल टीलों की वजह से तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। इसरो ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हिमालय के ये ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इसरो ने सोमवार को कहा कि दशकों की उपग्रह इमेजरी का विश्लेषण करने वाले नए शोध से पता चला है कि भारतीय हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर खतरनाक दर से पिघल रहे हैं, जिससे हिमालयी इलाके में बने हिमनदीय झीलों का विस्तार हो रहा है। बता दें कि ये ग्लेशियर और ग्लेशियल झीलें उत्तर भारत की सभी प्रमुख नदियों के जलस्त्रोत रहे हैं। दुनियाभर में हुए शोधों से पता चला है कि ग्लेशियर 18वीं सदी के औद्योगीकरण के बाद से ही तेजी से पिघल रहे हैं।

# अभी जेल में ही कटेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल के दिन

### अदालत ने फिर बढ़ाई न्यायिक हिरासत, 7 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले के आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अब अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर से बढ़ा दी है। सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है। इसी के साथ अदालत ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी अब 7 मई को दोपहर 2 बजे होगी। बताया जा रहा है कि कथित शराब घोटाले में ईडी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग वाले केस में आरोपी बनाए गए सीएम अरविंद केजरीवाल और चनप्रीत सिंह की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हुई थी। इनके अलावा बीआरएस नेता के कविता भी वर्चुअली अदालत में मौजूद थीं। तीनों ही आरोपी तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। के कविता की न्यायिक हिरासत सीबीआई से जुड़े केस में बढ़ाई गई है। के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। सीएम की न्याचिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।




# जीजा जी की नजर है, सीट पर रूमाल रखना होगा

### स्मृति इरानी का राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा पर तंज



**अमेठी (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेठी लोकसभा सीट से अब तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि वायनाड लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद अमेठी पर कांग्रेस फैसला कर सकती है। ऐसा इसलिए ताकि वायनाड पर फोकस करने के बाद कांग्रेस की टीम अमेठी पर जुट जाए। एक साथ दो मोर्चों पर डटने से कांग्रेस बचना चाहती है। इस बीच स्मृति इरानी ने राहुल गांधी और उनके जीजा रॉबर्ट वाड्रा पर तंज कसा है। स्मृति इरानी ने कहा कि मैंने अमेठी में 5 सालों में ही इतना काम किया है, जितना राहुल गांधी 15 साल में नहीं कर सके थे। स्मृति इरानी ने अमेठी से राहुल गांधी को बेदखल करते हुए 2019 में जीत हासिल कर ली थी। अमेठी लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। वहीं रॉबर्ट वाड्रा भी अमेठी लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी ठोक चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं। मुझे बड़ी संख्या में लोगों के फोन आते हैं। मैं राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने अमेठी जाता भी रहा हूं।

# मोदी बोले–कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी होता है गुनाह

### ये केवल मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं, मेरी गारंटी है-रिजर्वेशन कभी खत्म नहीं होगा

**टोंक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने राजस्थान के उनियारा (टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा) में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। वो दलित-आदिवासियों को मिले आरक्षण को कम करके मुसलमानों को देना चाहती है। साल 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुस्लमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की गई। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था। जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई।



कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया। क्या कांग्रेस अब देश की जनता को वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी। मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना-सुनना भी गुनाह हो गया है। कर्नाटक में इसीलिए एक युवक को पीटा गया।

## भारत और चीन के बीच फिर लिपूलेख दर्रे पर बढ़ेगी टेंशन !

● इस साल भी नहीं शुरू होगा कारोबार, कई लोगों की जुड़ी है आजीविका

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में लिपूलेख दर्रे से इस बार भी भारत-चीन के बीच कारोबार शुरू नहीं हो पाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कई स्थानीय कारोबारियों की आजीविका जुड़ी हुई है। चौथे साल भी कारोबार शुरू नहीं होने से व्यापारी निराश हैं। समुद्र तल से 17 हजार फीट की ऊंचाई पर लिपूलेख दर्रे से भारत-चीन के बीच कारोबार प्राचीन समय से होता आ रहा है। वस्तु विनिमय आधारित इस कारोबार में समय के साथ मुद्रा का चलन प्रारंभ हुआ। इस व्यापार ने भारत और चीन दोनों देशों के सीमा के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जरूरत का सामान देने के साथ ही उनकी आजीविका विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 25 अक्टूबर 2019 में इस अंतराष्ट्रीय कारोबार में शामिल भारतीय दल के वापस लौटने के बाद यह कारोबार अब तक शुरू नहीं हो सका है। 2020 में चीन में कोरोना के कहर के बाद यह व्यापार अब तक शुरू करने की कोशिश भी नहीं हुई है। यह स्थिति तब है जब भारत और चीन के बीच अन्य मार्गों से अरबों का कारोबार हो रहा है।

नया खुलासा

## कश्मीर में हत्याओं को अंजाम दे रहे पाक आतंकी

### राजौरी टारगेट किलिंग के पीछे 2 दहशतगर्द, अमेरिकी राइफल से भूना

**श्रीनगर (एजेंसी)।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में हुई टारगेट किलिंग से हड़कंप मच गया है। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार रात को आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब घटी जब मृतक अब्दुल रज्जाक थानामंडी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने गांव कुंडा टॉप में घर के पास एक मस्जिद से बाहर आया था। पुलिस का कहना है कि इस टारगेट किलिंग के पीछे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। आतंकवादियों ने करीब से गोली चलाई। पुलिस ने कहा कि आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी मोहम्मद रजाक को जिले के शाहदरा शरीफ में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई। अधिकारियों ने कहा कि रज्जाक का भाई क्षेत्रीय सेना में सिपाही है। जब आतंकवादियों ने गोलीबारी की तो उनका भाई भी उनके साथ था। उन्होंने उसका अपहरण करने की कोशिश की लेकिन वह सुरक्षित भागने में सफल रहा। पुलिस के मुताबिक, आतंकियों ने हमले में अमेरिका में बनी एम4 राइफल और पिस्तौल का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने हमले में इस्तेमाल की गई एम4 राइफल की गोलियां बरामद की हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया है। बता दें कि 20 साल पहले, रजाक के पिता की भी उसी क्षेत्र में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। यह हमला शोपियां जिले के अनंतनाग और हरपोरा इलाके में दो गैर-स्थानीय लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद हुआ है।



## आपका विज्ञापन तो इस माफीनामे से बड़ा होता है

● पतंजलि और बाबा रामदेव को एससी ने फिर सुनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवा कोरोनिल को कोरोना से निपटने वाली औषधि बताए जाने के प्रचार पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फिर लताड़ लगाई। अदालत ने इस मामले में पतंजलि आयुर्वेद और बाबा रामदेव से कहा था कि वे इस मामले में सार्वजनिक माफी मांगें। इससे पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अदालत में हाथ जोड़कर माफी मांगी थी लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। इसके बाद बाबा रामदेव ने कहा था कि हम सार्वजनिक माफी के लिए तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने एक सप्ताह का वक्त दिया था। अब कोर्ट में फिर से पेशी हुई तो अदालत ने अखबारों में छपे माफीनामे पर ही सवाल उठा दिया। इस दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण खुद भी अदालत परिसर में मौजूद थे। बेंच ने सवाल किया कि आखिर माफीनाम कल ही क्यों।

## अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के मालदा में रोड शो किया



**कोलकाता,एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को जिले में लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले पश्चिम बंगाल के मालदा में एक रोड शो किया। रोड शो दोपहर करीब 1 बजे मालदा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में प्रधान डाकघर मोड़ से रवीन्द्र प्रतिमा तक शुरू हुआ। राज्य भाजपा नेताओं के साथ एक सजी हुई लॉरी के ऊपर खड़े शाह को भीड़ की ओर हाथ हिलाते देखा गया। भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह की प्रशंसा में नारे लगाए, क्योंकि सड़क के दोनों ओर सैकड़ों लोग जमा हो गए। इस सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।

## उत्तर बंगालः सीमा सुरक्षा बल ने 75 मवेशियों के साथ उत्तर प्रदेश के 2 लोगों को पकड़ा



**कोलकाता,एजेन्सी।** उत्तरी बंगाल में बीएसएफ ने रविवार को सिलीगुड़ी के बाहरी इलाके में जलपाईगुड़ी की ओर जा रहे दो ट्रकों से कुछ शवों सहित 75 से अधिक भैंसें बरामद कीं। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बल की 15वीं बटालियन की एक टीम ने फुलबारी में महानंदा बैराज के पास हा॥27 पर ट्रकों को रोका। उन्होंने ड्राइवरों से मवेशियों के परिवहन को मान्य करने के लिए कानूनी दस्तावेज पेश करने को कहा। ड्राइवर कोई दस्तावेज़ पेश करने में विफल रहे और इसके बजाय, मौके से भाग गए, एक सूत्र ने कहा। जब बल ने वाहन की तलाशी ली - जिस पर असम की पंजीकरण प्लेट थी - तो उन्हें 15 मृत भैंसों सहित 78 भैंसें मिलीं। मवेशियों की देखभाल के लिए ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उनके पास से दो सेलफोन और कुछ भारतीय मुद्रा भी बरामद की गई है. वाहनों सहित जब्त की गई वस्तुओं की कुल कीमत लगभग 54.27 लाख रुपये है, सूत्र ने कहा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बीएसएफ पर बंदूक तानने के कुछ ही घंटों के भीतर जब्ती और गिरफ्तारियां की गईं। रविवार को, ममता ने बालुरघाट में एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए आरोप लगाया था कि ट्रक उत्तर प्रदेश और बिहार से मवेशियों को बंगाल ले जाते हैं और बीएसएफ की मिलीभगत से उन्हें बांग्लादेश में तस्करी कर लाया जाता है। बाद में, बीएसएफ ने वाहन, मवेशी और दोनों को न्यू जलपाईगुड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया।

## सीएनजी संकट, कैबियों ने ईंधन स्टेशन को ब्लॉक किया



**कोलकाता,एजेन्सी।** सीएनजी से चलने वाली कारों को चलाने वाले कैबियों ने अधिकांश दिनों में हरित ईंधन की अनुपलब्धता की शिकायत करते हुए सोमवार सुबह बेलियाघाटा में एक ईंधन स्टेशन को अवरुद्ध कर दिया। 30 से अधिक ऐप कैबियों ने, अन्य वाणिज्यिक वाहनों के ड्राइवरों के साथ, ईंधन स्टेशन के सामने सड़क को अवरुद्ध कर दिया, शुरू में मोटर चालकों को वहां प्रवेश करने से रोका और फिर संकट को समाप्त करने की मांग करते हुए मुख्य मार्ग के एक हिस्से को अवरुद्ध करने की भी कोशिश की। कोलकाता और बिधाननगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोपहर बाद नाकाबंदी हटा दी गई। अधूरी सीएनजी पाइपलाइनों के कारण कोलकाता को स्वच्छ ईंधन पर स्विच करने में देरी हो रही है। कोलकाता में, लगभग 5,000 सीएनजी वाहन हैं, जिनमें ऐप कैब एक बड़ा हिस्सा है। शहर में नौ सीएनजी स्टेशन हैं। वेस्ट बंगाल ऑनलाइन कैब ऑपरेटर्स गिल्ड के महासचिव, इंद्रनील बनर्जी ने कहा- यह संकट है कि कैब चालक अक्सर टैंक भरने के लिए अंकुरहाटी या कोलाघाट जाते हैं। रोहित त्यागी (20) को सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े मजाक के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ओला कैब ड्राइवर की शिकायत पर हुई गिरफ्तारी! रात 2 बजे गैलेक्सी में ऑनलाइन बुकिंग के बाद त्यागी का पता लगाया गया, उन्हें बांद्रा कोर्ट ले जाया गया।

# एसएससी का फैसलाः पूर्व एचसी न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग



**कोलकाता,एजेन्सी।** सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को उचित निर्णय करार देते हुए, अदालत के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की गई। गंगोपाध्याय, जिनकी एकल पीठ ने पहले भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था, ने जोर देकर कहा कि घोटाले को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार राज्य प्रशासन में धोखेबाजों के पूरे समूह को फांसी दी जानी चाहिए।

न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने सोमवार को सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में आगे की जांच करने और तीन महीने में एक रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया। पूर्व मेदिनीपुर जिले के तमलुक से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पांच मार्च को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने वाले गंगोपाध्याय ने यहां संवाददाताओं से कहा, असली अपराधी राज्य प्रशासन के शीर्ष पदों पर बैठे हैं और अपने सुरक्षा बुलबुले के पीछे छिपते हुए, यदि उनमें साहस और थोड़ी भी शर्म बची है, तो उन्हें सत्ता का अपना पद छोड़ देना चाहिए, अपना सुरक्षा कवच तोड़ देना चाहिए और जांच का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने योग्य उम्मीदवारों को वर्षों तक वंचित रखा और उन्हें अकथनीय संकट में छोड़ दिया। उन्होंने कहा, अगर मेरे पास उस तरह की शक्ति होती तो मैं खुद उन्हें उनकी कुर्सी से नीचे खींच लेता। गंगोपाध्याय ने हिंदुओं और मुसलमानों दोनों से बनर्जी का बहिष्कार करने का आह्वान किया क्योंकि घोटाले से दोनों समुदायों के उम्मीदवार प्रभावित हुए थे। इससे पहले, गंगोपाध्याय ने अनियमितताएं पाए जाने पर शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कई नौकरियों को समाप्त करने का भी आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने कक्षा 9, 10 के शिक्षकों की श्रेणियों में एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं और अपीलों पर व्यापक सुनवाई की थी। एसएलएसटी-2016 के माध्यम से 11 और 12 और समूह-सी और डी के कर्मचारी। हालाँकि, गंगोपाध्याय ने सोमवार के फैसले को अपनी व्यक्तिगत जीत मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे आज दुख हो रहा है कि उच्च न्यायालय ने इतने बड़े घोटाले के मेरे निष्कर्षों को सही ठहराया। मुझे दुख है कि हमें ऐसे घटनाक्रम के बाद भी एक भ्रष्ट और झूठ बोलने वाली सरकार के शासन को बर्दाश्त करना पड़ रहा है।

पूर्व न्यायविद ने कबूल किया कि न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठकर मामले के संबंध में आदेश पारित करते समय वह कहीं अधिक उदार थे। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि खंडपीठ ने अब मामले में उचित सख्ती के साथ फैसला सुनाया है। गंगोपाध्याय ने अदालत के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के उचित मूल्यांकन के लिए ओएमआर शीट के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता को उचित ठहराया। वह यह सुनिश्चित करने के अदालत के निर्देश पर भी कायम रहे कि पैनल के सभी नौकरी धारकों को उनकी सेवा की पूरी अवधि के दौरान प्राप्त वेतन वापस करना होगा। उन्होंने कहा, अदालत के निर्देश का पालन करना होगा। अन्यथा पिछले आठ वर्षों से अधर में लटके योग्य उम्मीदवारों को न्याय नहीं मिल पाएगा। सोमा दास, वह अभ्यर्थी जिसकी स्कूल में नौकरी पहले अनुकंपा के आधार पर गंगोपाध्याय ने बरकरार रखी थी और बाद में भर्ती प्रक्रिया रद्द करने के एकमात्र अपवाद के रूप में डिवीजन बेंच के फैसले को बरकरार रखा था, पर एक सवाल का जवाब देते हुए, पूर्व न्यायाधीश ने कहा, अदालत ने सभी को सुना अपना फैसला सुनाते समय सभी पक्षों का व्यापक रूप से पक्ष लिया और निष्पक्षता बरती। मैं अदालत के फैसले का स्वागत करता हूं।

## संदेशखाली में 100 से अधिक हो सकती है सीबीआई के मामलों की संख्या, हाईकोर्ट के निर्देश पर एजेंसी कर रही जांच

**कोलकाता,एजेन्सी।** सीबीआई ने दावा किया है कि उत्तर 24 परगना के संदेशखाली कांड की सभी शिकायतों की जांच के बाद शुरुआत में 80 से ज्यादा मामले दर्ज करने की स्थिति बनी है। ये शिकायतें मुख्य आरोपित व निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके करीबियों के खिलाफ ई मेलकैंप खोलने के बाद राज्य पुलिस को मिली थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को संदेशखाली के निवासियों से सीधे अधिक शिकायतें प्राप्त करने के लिए ई-मेल आईडी और ऐप खोलने का निर्देश दिया है। इन्हें लिया भी जाने लगा है। जांचकर्ताओं का यह भी दावा है कि मामलों की संख्या सौ से अधिक होने की संभावना है।

बता दें कि पांच जनवरी को संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद राज्य पुलिस ने शाहजहां और उसके गिरोह के खिलाफ दो और मामले दर्ज किए थे। हाईकोर्ट ने उन दोनों मामलों की जांच भी सीबीआई को सौंप दी है। उन दोनों मामलों में शाहजहां और उसके भाई आलमगीर समेत सात लोग अभी जेल में हैं। बड़ी संख्या में मामलों की जांच के संबंध में सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि अदालत के आदेश के अनुसार एक डीआईजी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। संदेशखाली के निवासियों ने शाहजहां और उसके करीबी सहयोगियों के खिलाफ जबरन भूमि अधिग्रहण, पिटाई, हत्या, का प्रयास और दुष्कर्म की शिकायतें दर्ज करना शुरू कर दिया है। बशीरहाट जिला पुलिस की ओर से विभिन्न गांवों में शिविर खोलकर शिकायत प्राप्त की गईं हैं।

सीबीआई का दावा है कि उन सभी शिकायतों के दस्तावेज बशीरहाट जिला पुलिस और नैजाट पुलिस स्टेशन से एकत्र किए गए हैं। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सभी शिकायत दस्तावेज और रिपोर्ट अदालत में जमा की जाएगी। कोर्ट के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शाहजहां और उसके करीबियों पर पहले से ही 11 मुकदमे दर्ज हैं।

## अवैध संबंध बनाकर वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया में वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर में साइबर थाना पुलिस ने सोमवार को कुंडा थाना अंतर्गत हथगढ़ के एक निर्माणाधीन घर में छापेमारी कर अवैध संबंध बनाकर वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया में वायरल करने वाले आरोपी रमेश मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। स्वास्थ्य जांच कराने के बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घटना के बाबत पीड़िता की ओर से दर्ज करायी गई थी। प्राथमिकी को एसपी राकेश रंजन ने गंभीरता से लेते हुए साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा की अगुवाई में टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। घटना की प्राथमिकी के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुंडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली है। वहीं आरोपी सीमावर्ती दुमका जिला के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लोरी घाघर गांव का निवासी पैंतर मंडल का 36 वर्षीय पुत्र रमेश मंडल है। वह कुंडा थाना के बंधा मोहल्ले में रहकर मजदूरी करता है। जानकारी के अनुसार महिला को पति की हत्या की धमकी देकर किराए के मकान में बुलाकर उसके साथ अवैध संबंध बनाया। उसकी वीडियोग्राफी भी कर ली।



बाद में वीडियो उसके मोबाइल पर भेजकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी महिला के साथ लगातार अवैध संबंध स्थापित करता रहा। उसी बीच जब पीड़िता ने विरोध किया तो वीडियो वायरल कर दी गई। उसके बाद महिला के बयान पर आरोपी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी कर ली गयी। आरोपी के पास से मोबाइल व सिम कार्ड जब्त किया गया है। मोबाइल में महिला की अश्लील वीडियो भी मिली है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**मधुपुर में दिव्यांग युवती लापता, थाने में शिकायत :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर गांव से 19 वर्षीया दिव्यांग युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई है। लापता युवती के पिता ने सोमवार को मधुपुर थाना में आवेदन देकर घटना की सूचना पुलिस को दी है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी मूक-बधिर है। गत 18 अप्रैल को उनकी बेटी घर से कुछ सामान लेने दुकान निकली थी।

## 26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता ने की थी अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी, पीए से भी किया था संपर्क

**कोलकाता,एजेन्सी।** मुंबई हमले (26/11) की साजिश रचने वालों में शामिल एक व्यक्ति ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित घर व कार्यालय के आसपास रेकी की थी। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि राजाराम ने अभिषेक के निजी सहायक से भी संपर्क किया था। इसके बाद उसने अभिषेक के घर व कार्यालय के आसपास चक्कर लगाए थे। की साजिश रचने वालों में शामिल एक व्यक्ति ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित घर व कार्यालय के आसपास रेकी की थी। गत सोमवार को कोलकाता पुलिस के हाथों मुंबई से राजाराम रेगे नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद यह तथ्य सामने आया है।

### घर के आस पर की थी रेकी

राजाराम मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं में से एक बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि राजाराम ने अभिषेक के निजी सहायक से भी संपर्क किया था। इसके बाद उसने अभिषेक के घर व कार्यालय के आसपास चक्कर लगाए थे। आरंभिक जांच में पता चला है कि 26/11 धमाकों का मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली जब मुंबई गया था तो उसकी राजाराम से मुलाकात हुई थी।

### अभिषेक बनर्जी से मिलने की जताई थी इच्छा

राजाराम ने हेडली को अपना परिचय राजनेता के रूप में देते हुए आश्वासन दिया था कि वह उसकी कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात करवा देगा। राजाराम कोलकाता आने पर शेक्सपीयर सरणी इलाके के एक होटल में दो दिन ठहरा था। उसे किसी तरह अभिषेक के निजी सहायक का मोबाइल नंबर मिल गया। इसके बाद उसने सहायक को फोन करके अभिषेक से मिलने की इच्छा जताई थी।

### सीएम की भी बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

कोलकाता में रहने के दौरान उसने अभिषेक के घर और कार्यालय के आसपास रेकी भी की थी। राजाराम ने ऐसा क्यों किया, इसकी जांच की जा रही है। उसने क्या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर के सामने भी रेकी की थी, इसकी भी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद अभिषेक की सुरक्षा कड़ी की जा रही है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा भी बढ़ाई जाएगी।

## शिक्षक की नौकरी खोने वालों की चुनाव में तैनाती होगी या नहीं? आयोग ने बता दिया

**कोलकाता,एजेन्सी।** कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षक की नौकरी खोने वाले क्या लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान में चुनाव कर्मी के तौर पर ड्यूटी कर पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। राज्य के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी अरिंदम नियोगी से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, हालांकि अगर वे ड्यूटी नहीं कर पाए तो भी किसी तरह की समस्या नहीं होगी क्योंकि अतिरिक्त चुनाव कर्मी हैं।

### बुधवार को रवाना होंगे मतदान कर्मी

मालूम हो कि दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव कर्मी बुधवार को अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो जाएंगे और गुरुवार तक वहां पहुंचेंगे। अरिंदम नियोगी ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले को अच्छी तरह से समझने के बाद ही इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा, हालांकि कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि मतदान में 25 से 30 प्रतिशत अतिरिक्त चुनाव कर्मी रखे जाते हैं।

## धनबाद होकर चेन्नई-तांबरम के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद होकर दक्षिण भारत के लिए सोमवार को एक और समर स्पेशल ट्रेन की घोषणा हुई है। बरौनी से खुलकर यह ट्रेन चेन्नई होते हुए तांबरम जाएगी। ट्रेन में 13 स्लीपर कोच के अलावा सात जनरल और दो दिव्यांग कोच होंगे। 06062 बरौनी-तांबरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल, 04, 11, 18 व 25 मई, 01, 08, 15, 22 व 29 जून को बरौनी से रात 11.55 बजे खुलेगी। यह ट्रेन अगले दिन यानी रविवार को सुबह 5.50 बजे धनबाद, सुबह 7.35 बजे बोकारो होते हुए सोमवार की रात 9.05 बजे चेन्नई और रात 10.45 बजे चेन्नई पहुंचेगी। 06061 तांबरम-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल 26 अप्रैल से 27 जून के बीच हर गुरुवार को शाम 6.15 बजे तांबरम से खुलेगी। ट्रेन शनिवार को सुबह 7.05 बजे धनबाद और दोपहर 1.55 बजे बरौनी पहुंचेगी। जल्द ही इस ट्रेन की बुकिंग शुरू होगी।

## बादलों ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत, दो दिन बाद फिर चढ़ेगा पारा

**धनबाद, एजेंसी।** बीते एक हफ्ते से गर्मी को लेकर त्राहिमाम कर रहे लोगों को राहत मिली। सोमवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कड़ी धूप और लू से परेशान लोगों के लिए यह दिन सुकून देने वाला रहा। अधिकतम तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और यह गिरकर 40 डिग्री पहुंच गया। अचानक से गर्मी में आई गिरावट ने लोगों को राहत दी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मंगलवार को कोल्हान और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे। आंशिक बारिश भी होगी, जिससे धनबाद में भी गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि बुधवार के बाद गर्मी में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

## डुआर्स के निजी रिसॉर्ट मालिक का आरोप, कुछ स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने उनकी संपत्ति पर ताला लगा दिया

**तृणमूल/कोलकाता,एजेन्सी।** डुआर्स स्थित एक निजी रिसॉर्ट मालिक ने रविवार को आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने उसकी संपत्ति पर ताला लगा दिया क्योंकि उसने नकदी की उनकी मांग पूरी नहीं की। हालांकि, तृणमूल नेताओं ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि रिसॉर्ट पर ताला लगा दिया गया था क्योंकि संपत्ति पर अवैध गतिविधियां चलती थीं। जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा ब्लॉक में ऊपरी कालाबाड़ी इलाके में एक रिसॉर्ट चलाने वाले शेख जियाउर रहमान ने कहा- लोकसभा चुनाव से पहले, स्थानीय पंचायत के अध्यक्ष सहित कुछ तृणमूल नेताओं ने मुझसे मुलाकात की और पैसे मांगे। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल पार्टी चुनाव संबंधी कार्यों में करेगी. मैंने उन्हें कुछ पैसे दिए लेकिन उन्होंने अधिक रकम की मांग की। चूंकि मैंने उनकी नई मांग नहीं मानी, इसलिए उन्होंने रविवार को मेरे रिसॉर्ट पर ताला लगा दिया।

बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए पुलिस के पास गए रहमान ने कहा कि उन्हें नुकसान उठाना पड़ा क्योंकि कुछ पर्यटक जो रविवार को चेक-इन करने वाले थे, वे वापस चले गए। रिसॉर्ट के मालिक ने कहा, मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगा होने के कारण वे अंदर नहीं जा सके। दूसरी ओर, तृणमूल नेताओं ने दावा किया कि पिछले कुछ महीनों से रिसॉर्ट में अवैध गतिविधियां चल रही थीं। रिज़ॉर्ट के आसपास और आसपास रहने वाले लोगों ने कुछ अवैध गतिविधियों की शिकायत की। साथ ही मालिक ने पहले स्थानीय युवकों को अलग-अलग पदों पर लगाया था. हाल ही में उन्होंने उनकी छंटनी की और बाहर से युवाओं को बुलाया। इससे रहवासियों में नाराजगी है। रविवार को, उन्होंने इसे बंद कर दिया, पृथ्वीराज छेत्री, ब्लॉक के अंगराभासा- । पंचायत के तृणमूल अध्यक्ष, जहां रिसॉर्ट स्थित है, ने कहा। छेत्री ने इस आरोप से इनकार किया कि उन्होंने चुनाव से पहले मालिक से पैसे की मांग की थी। जलपाईगुड़ी जिले में 19 अप्रैल को चुनाव हुए थे. यह एक निराधार आरोप है। कुछ स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए शायद हमारी पार्टी के झंडे ले लिए होंगे और रिसॉर्ट को बंद कर दिया होगा। इसमें पार्टी की कोई भूमिका नहीं है. हम चाहते हैं कि डुआर्स में पर्यटन उद्योग फले-फूले लेकिन अवैध गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। बानरहाट पुलिस स्टेशन की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच शुरू हो गई है।

## बंगाल शिक्षक नौकरियों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देंगेः स्कूल सेवा आयोग प्रमुख

**कोलकाता,एजेन्सी।** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने सोमवार को कहा कि वह 2016 शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देंगे। मजूमदार ने यहां संवाददाताओं से कहा, अदालत ने लगभग 24,000 नौकरियों को रद्द कर दिया है और हम उच्च न्यायालय के पूरे आदेश का अध्ययन करने के बाद उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया, इसे अमान्य और शून्य घोषित किया। पीठ ने एसएससी को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। फैसले के मद्देनजर आयोग क्या कदम उठाएगा, इस सवाल के जवाब में मजूमदार ने कहा, हम 300 पन्नों के आदेश का अध्ययन करेंगे... कानूनी पहलुओं पर चर्चा करेंगे और समझेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### पीरपैंती में किया गया फ्लैग मार्च

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए सोमवार को बाइक और चार पहिया वाहनों से पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, सीआरपीएफ, बीएसएफ के जवानों ने पीरपैंती थानाक्षेत्र के दर्जनों गांवों में फ्लैग मार्च किया। एसडीपीओ कहलगांव 2 अर्जुन कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार के साथ सभी पुलिस पदाधिकारियों सीआरपीएफ, बीएसएफ एवं पुलिस बलों ने किया। पदाधिकारियों ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने कहा। दूसरी तरफ बीडीओ अभिमन्यु कुमार भी टोली गठित कर वाहनों की धर पकड़ में जुटे हैं।

### आर्केस्ट्रा में हर्ष फायरिंग, युवक को लगी थी गोली



**नालंदा, एजेंसी।** पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत इस्माइलपुर गांव में रविवार की अहले सुबह अज्ञात बदमाशों द्वारा ऑर्केस्ट्रा देखने गए युवक को गोली मार घायल कर दिया गया था। घायल युवक मिथिलेश प्रसाद का बेटा दीपू कुमार(25) है। इस मामले में पुलिस ने 3 नामजद और अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। दनियावां थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि चौकीदार के बयान पर वर पक्ष से लड़का और उसके पिता जबकि वधू पक्ष से लड़की के पिता के ऊपर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपी गांव छोड़ फरार है। गांव वाले घटना के बारे में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। दरअसल, इस्माइलपुर गांव में शनिवार की शाम किशोर के किश्तिपुर गांव से मंगल जमींदार के यहां बारात आई थी। बारातियों के मनोरंजन के लिए बिना परमिशन ऑर्केस्ट्रा बुलाई गई थी। ऑर्केस्ट्रा में हर्ष फायरिंग भी की जा रही थी। रविवार की अहले सुबह दीपू आर्केस्ट्रा देखने पहुंचा। इसी बीच हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली उसके कमर में आकर लग गई। आनन-फानन में दीपू को इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि घायल को पता नहीं चला कि किसने उसे गोली मारी है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर तुरंत कार्रवाई में जुट गई है।

### बदमाशों ने पंजाब से आए युवक को मारा चाकूःदोस्त की शादी में आया था

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाने के पकरीडीह गांव में सोमवार रात पंजाब से मित्र की शादी में भाग लेने पहुंचे एक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक पंजाब के साजेवाल का रहने वाला राजेंद्र साह का बेटा पवन कुमार है। जख्मी युवक को लोगों ने देर रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देख पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में पकरीडीह गांव के किशन कुमार ने बताया कि वह पंजाब में रहकर मजदूरी करता है। उनके छोटे भाई बलिराम की आज शादी थी। शादी समारोह में भाग लेने के लिए उसका दोस्त पवन पंजाब से आया था। किशन ने बताया कि दोपहर में जब पवन पंजाब से आया था कि गांव में शराब के नशे में धुत युवकों से विवाद हो गया था, लेकिन लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। रात बारात जाने लगी इसी दौरान 5-6 की संख्या में आये युवकों ने पवन को घेर लिया और सिर में पीछे से चाकू मार दिया। पवन के चीखने-चिल्लाने पर लोग जुटे, तो सभी युवक फरार हो गए। बाद में युवक को परिवार के लोग कल्याणपुर पीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से सदर अस्पताल भेजा गया गया। देर रात लोग जख्मी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में भी पवन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। रात में ही जख्मी के मित्र के परिवार वाले उसे लेकर पटना रवाना हो गए। सदर डीएसपी -2 विनय महतो ने बताया कि शादी के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई है। जख्मी युवक पंजाब का रहने वाला है। वह अपने मित्र की शादी में आया था।

# मुजफ्फरपुर स्टेशन पर ट्रेन में लगी आग, बुझाने गया तो फायर एक्सटिंग्विशर फटने से एक सिपाही की मौत



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वलसाड से मुजफ्फरपुर आई श्रमिक एक्सप्रेस में सोमवार सुबह अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट हो गया. इसमें एक आरपीएफ जवान की दर्दनाक मौत हो गई है. घटना मुजफ्फरपुर जंक्शन पर खड़ी श्रमिक एक्सप्रेस में हुई है. वहीं हादसे के वक्त ट्रेन में यात्री मौजूद नहीं थे, ट्रेन अपने समय से मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंच चुकी थी, इसी दौरान ट्रेन के एस8 बोगी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई.

### अग्निशमन यंत्र फटने से आरपीएफ जवान की मौत

ट्रेन में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ के जवान विनोद दास मौके पर पहुंचे और बोगी में लगे अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने की कोशिश करने लगें. इसी दौरान अग्निशमन यंत्र फट गया और वह बुरी तरह जख्मी हो गए. उन्हे आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी. घटना के बाद आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन मास्टर अखिलेश सिंह, स्टेशन डायरेक्टर समेत अन्य रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी गई है.

### शॉर्ट सर्किट से उठा धुंआ

घटना को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि ÷जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 5 पर ट्रेन पहुंची थी और आरपीएफ जवान की वहां ड्यूटी थी. इसी दौरान जवान ने शॉर्ट सर्किट से धुंआ निकलते देखा, जिसे बुझाने की कोशिश में वो जुट गया. इसी दौरान अचानक अग्निशमन यंत्र में ब्लास्ट हो गया. उस घटना में जवान की मौत हो गई, उनके परिजन को जानकारी दी गई है.

## करंट लगने से बच्ची की मौतःमोटर का स्वीच ऑन करने के दौरान हुआ हादसा

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले विद्यापतिनगर थाने के हरपुर बोचहा गांव में करंट लगने से सोमवार रात एक छह साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची गांव के राजू महतो की पुत्री शिवानी कुमारी बताई गई है। घटना के बाद परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात सदर अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में बताया गया है कि शाम में राजू महतो की पुत्री घर के पानी टंकी में पानी खत्म हो जाने के कारण मोटर का स्यूच ऑन करने गई थी। इसी दौरान उसे करंट लग गया। हल्ला होने पर जुटे लोगों ने लाइन कटवाने के बाद बच्ची को उठाकर विद्यापतिनगर स्थिति अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रात सदर अस्पताल भेजा है। रात में ही बच्ची का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया है।

### क्या बोली पुलिस

विद्यापतिनगर थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि करंट लगने से बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## शेरपुर में 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ की शुरुआत, बनारस और अयोध्या के पंडित होंगे शामिल

### राष्ट्रीय कथावाचक देवी राजनंदनी करेंगे कथावाचक



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हरनौत प्रखण्ड के नेहुसा पंचायत के शेरपुर गांव में सोमवार से श्री-श्री 108, श्री शिव प्राण-प्रतिष्ठा पंचकुंडीय 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

**बने हैं 51 अस्थायी मूर्तियां :** यज्ञ परिसर में श्रीगणेश, भगवान राम, मैया सीता, लक्ष्मण, हनुमान, माता दुर्गा, पार्वती जी समेत कुल 51 अस्थाई मिट्टी के मूर्ति बनाई गई हैं। सभी मूर्तियां समस्तीपुर के मुर्तिकारों द्वारा बनाई गई हैं। जिसमें भगवान शंकर और बजरंग बली जी की प्रतिमा सबसे बड़ी है।

**मंडप में बना है पांच हवन कुंड:** वाराणसी से आए यज्ञाचार्य पूर्ण चंद्र उपाध्याय ने बताया कि रूद्रयज्ञ तीन प्रकार का होता हैं। रूद्र, महारूद्र और अतिरूद्र। महारूद्र 9 से 11 दिन में होता हैं। इसमें कई विद्वान होते हैं। इस महारुद्र में 21 मन हवन सामग्री लगती है। इसमें अग्नि द्वारा देवताओं को पहुंचाने वाले सोम के लिए हवन कुंड का प्रयोग किया जाता है। हवन कुंड को वेदी के अनुसार बनाया जाता है। यज्ञ परिसर में एक मंड़प बना है। इसमें पांच हवन कुंड बनाया गया है। इस संबंध में अयोध्या धाम से आए हुए महंत स्वामी श्री निवासानन्द सरस्वती उर्फ संजय बाबा ने बताया कि मंडप के बीच में चतुरस्त्र कुंड है। इसके इर्द-गिर्द में वृत्त कुण्ड, अर्द्धचन्द्र कुण्ड, अष्टकोण कुण्ड और त्रिकोण हवन कुण्ड है। इसमें चतुरस्त्रकुंड सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ति के लिए, वृत्त कुंड जनकल्याण की भावना और व्यापार में वृद्धि के लिए, अर्द्ध चन्द्राकार, कुंड पारिवारिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों से निजात पाने और मन की शांति के लिए अष्टकोण कुण्ड से सभी मनकामनाओं की पूर्ति व आरोग्य प्रदान करने एवं त्रिकोण कुंड शत्रु पर विजय हासिल करने के लिए बनाया जाता है।

## भागलपुर में एक्ट्रेस नेहा शर्मा के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़, पिता अजीत शर्मा के समर्थन में मांगे वोट



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर जिले में बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने अपने पिता एवं कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में सोमवार को रोड शो किया। नेहा शर्मा अपने पिता के साथ जीप में बैठकर लोगों से अजीत शर्मा को वोट देने की अपील करती हुई नजर आई। नेहा शर्मा को देखने के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। खासकर युवाओं में उनका क्रेज देखने को मिला। नेहा ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। विधायक अजीत शर्मा भागलपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने सोमवार को अपनी बेटी एवं अभिनेत्री नेहा शर्मा के साथ शेरमारी बाजार, नौवाटोली चांदपुर, हीरानंद और शिवनारायणपुर में रोड शो किया। शिवनारायणपुर के बाद नेहा शर्मा फिर से कहलगांव के विभिन्न क्षेत्रों एवं शहरी इलाकों में रोड शो करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने पीरपैंती प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। शेरमारी बाजार में नेहा शर्मा को देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। प्रवक्ता आनंद माधव ने भागलपुर में महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के प्रचार में सबौर, ममलखा और लैलख पंचायत में लोगों से जनसंपर्क किया।

### बिहार में 5 कांग्रेस कैंडिडेट का ऐलान, देखें किसे कहां से मिला टिकट

बता दें कि पूर्व में नेहा शर्मा के भागलपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें चल रही थीं। अजीत शर्मा द्वारा अपनी बेटी के लिए टिकट मांगने की बात भी सामने आई थी। हालांकि, बाद में खुद नेहा ने स्पष्ट किया कि वह बॉलीवुड में व्यस्तता के चलते वह चुनाव नहीं लड़ेंगी। अजीत शर्मा ने भी कहा था कि वह अपनी बेटी के लिए नहीं बल्कि खुद के लिए टिकट मांग रहे हैं। भागलपुर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।



## अगलगी की घटना को लेकर फायर ब्रिगेड की टीम सतर्क

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में इन दिनों लागातार आगलगी की घटना घटी रही है। इसको लेकर जिला अग्निशमन टीम ने जिले में होने वाले मेले के आयोजन को लेकर एक दिशा निर्देश जारी किया है।ताकी अगलगी की घटनाओं पर काबू पा सके है। जिले में मेले के आयोजन स्थल पर अगलगी की घटना में बचाव को लेकर उपयोग होने वाला उपकरण होना अनिवार्य है। उन्हे यह दिशा निर्देश को मानना होगा। इस दिशा-निर्देश के हिसाब से मेले का आयोजन करना होगा। निर्देश के उल्लंघन करने वाले कड़ी करवाई करने की बात कही गई। अग्निशमन की टीम मेला स्थल पर जा कर सारी चीजों की जांच करेगी, ताकि अगलगी की घटना होने पर किसी प्रकार की क्षति न हो। इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की भी अपील की है। जिला अग्निशमन विभाग के समादेष्टा त्रिलोक नाथ झा ने बताया कि जिले में लगातार अगलगी की घटना घटी रही है। हमलोगों की पूरी कोशिश रहती है कि किसी प्रकार की कोई क्षति न हो। इसको लेकर कई टीम काम भी कर रही है। इस दौरान जिले में मेल आयोजन में भी अगलगी की संभावना रहती है, जिसमे लोगों की काफी भीड़ रहती है। ऐसे आग से बचाव के लेकर सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। वहां इन सारी व्यवस्थाओं का होना अनिर्वाय है, जिसको लेकर हम लोग मेला स्थल पर जाकर सारी चीजों की जानकारी भी ले रहे हैं। मेला स्थल पर इन सारी चीजों की व्यवस्था नहीं है उन्हें मेला आयोजन करने से रोका जाएगा।

# भाई से भाई को मिलने का सहारा चचरी पुल, नदी ने दो हिस्सों में बांटा गांव को

### बरसात में स्कूल जाने के लिए करनी पड़ती है नाव यात्रा



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय का एक ऐसा गांव, जहां एक भाई अगर नदी पार दूसरे भाई के घर जाता है तो वो डरते-संभलते चचरी पुल को पार करता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना है तो बांस के बने इस चचरी पुल पर फूंक-फूंक कर कदम रख सफर तय करते हैं। यह मजबूरी की कहानी है वीरपुर प्रखंड के मखवा गांव की। गांव के बीच में बना यह चचरी पुल ही दोनों ओर के लोगों का एक मात्र सहारा है। अगर लोग इस चचरी पुल का सहारा ना लें तो उन्हें करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। दरअसल, बैंती नदी ने मखवा गांव को दो हिस्सों में बांट दिया है। सालों से इस नदी पर कोई पुल नहीं बना तो लोगों ने खुद ही चंदा कर बांस का चचरी पुल तैयार कर लिया। पर समस्या तब बड़ी हो जाती है जब बरसात का वक्त आता है। पुल के ऊपर से नदी का पानी बहता है। बच्चों को अगर स्कूल जाना हो तो नाव का सहारा लेना पड़ता है। कई तो डर से स्कूल ही नहीं जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई चुनाव हो गए, कई सरकारें भी बनी। लेकिन आज तक मखवा गांव की बैंती नदी पर पुल का निर्माण नहीं हो सका। पुल नहीं होने से मखवा की तकरीबन 5 हजार की आबादी इससे प्रभावित हो रही है। अधिकांश लोगों का घर और डेरा इस पार है तो घर और खेती-बाड़ी उस पार है। पश्चिमी किनारे बसे लोगों का भी यही हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार नाव डूबने से बड़ा हादसा होते होते बचा है। किसानों और पशुपालकों को हर दिन 3 किलोमीटर तय कर पशु का चारा और खेती-बाड़ी देखना पड़ता है। प्रखंड मुख्यालय में बस पकड़ने के लिए लोगों को लंबा सफर तय कर गारा या नौला आना पड़ता है। पिछले दिनों स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में पुल निर्माण के मुद्दा को उठाया गया था। तब उस समय स्थानीय लोगों में आस जगी थी कि अब पुल निर्माण होगा। लेकिन अभी तक पुल नहीं बनने से लोगों में भारी नाराजगी है। गर्मी के मौसम में यहां के बच्चे, किसान और पशुपालक लकड़ी के बने चचरी पुल से ही नदी पार करते हैं। इससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। बेबी देवी कहती हैं कि चार हजार से अधिक की आबादी है। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। नेता वोट के समय आते हैं तो कहते हैं कि जीता दीजिए, पुल बना देंगे। लेकिन हम जब से इस गांव में आए हैं, सिर्फ आश्वासन सुन रहे हैं। करता कोई कुछ नहीं है।

सरिता देवी ने कहा कि आश्वासन के भरोसे हम लोग जी रहे हैं। प्रत्येक साल पानी कम होने के बाद चंदा कर पुल बनाते हैं। नेताजी आते हैं, किसी तरह से वोट ले लेते हैं। फिर वह अपने घर बैठ जाते हैं। हम लोग किसी तरह इसी के सहारे अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को होती है। हमेशा मन में डर बना रहता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मखवा की चौथी क्लास की छात्रा साक्षी कहती हैं कि स्कूल नदी के पश्चिम और गांव पूरब में है।

# सीतामढ़ी में प्रेमी की गला रेतकर हत्या, ट्रैक पर मिला शव

### पंचायत ने मिलने से मना किया था; कल शादी में शामिल हुए थे दोनों



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में एक छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। छात्र का गांव की लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से न मिले इसके लिए 4 बार पंचायती भी हुई थी। जिसमें कहा गया था कि लड़का फिर से लड़की से मिलने की कोशिश करेगा तो उसकी खैर नहीं। रविवार की रात गांव में शादी थी। जिसमें दोनों शामिल हुए थे। दोनों आपस में मिले या नहीं ये किसी ने नहीं देखा। मृतक के परिजन घर पर उसका इंतजार करते-करते सो गए। सुबह जब सभी उठे तो मृतक अपने बेड पर नहीं था, वो घर नहीं लौटा था। खोजबीन शुरू की गई तो उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर मिली। घटना नगर थाना क्षेत्र के अमघट्टा गांव की है।

**रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश :** मृतक की पहचान अमधट्टा शैलेश स्थान के पास का रहने वाले शिवा पासवान के बेटे धीरज पासवान (18) के रूप में की गई है। वो इंटर का स्टूडेंट था। स्थानीय लोगों ने बताया कि धीरज पासवान का इसी गांव के रहने वाली लड़की से लगभग 2 सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मृतक धीरज की मां मरछिया देवी ने कहा कि रविवार की रात गांव में चार जगह पर बारात आई थी। जिसमें लंबू राय की लड़की की शादी में धीरज डांस कर रहा था। उसी शादी में लड़की भी आई हुई थी। हम लोग खाना खाकर सो गए। सुबह जब आंख खुली तो उसे घर में न देखकर उसकी खोजबीन शुरू की। थोड़ी ही देर में पता चला कि एक शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। मौके पर गए तो देखा कि धीरज पासवान की गला रेतकर हत्या कर दी गई है।

**हत्या कर लाश को पटरी पर फेंका गया :** डीएसपी सदर रामकृष्णा, डीएसपी ट्रैफिक दीपक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सब इंस्पेक्टर सोनम कुमारी उदय कुमार, नगर थाना अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। डीएसपी सदर रामकृष्णा ने बताया कि हत्या के बाद लाश ट्रैक पर फेंक दिया गया है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन के आवेदन दिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है। नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले को लेकर मृतक के पिता शिवा पासवान ने चार लोगों को अभियुक्त बनाया है। जिसमें लड़की के पिता शत्रुघ्न राय, चंदेश्वर राय मनोज राय, लक्ष्मी राय इसके अलावा अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

## बिहार में इस हफ्ते पड़ेगी भीषण गर्मी, मौसम विभाग की हीटवेव की चेतावनी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में सोमवार को बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मगर अब तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताए जा रहे हैं। राजधानी पटना में मंगलवार को सुबह भी बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन दोपहर तक गर्मी का एहसास होने लगेगा। अन्य जिलों में भी पारा बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने बुधवार 24 अप्रैल से दक्षिण बिहार में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस हफ्ते भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार तक राज्यभर के अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार हैं। दक्षिण बिहार और राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग के जिलों में 24 से 26 अप्रैल के बीच हॉट-डे (उष्ण दिवस) और हीट-वेव (लू) चलने के आसार हैं। रडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार रविवार देर शाम से उत्तर-पछुआ हवा में दक्षिण-पछुआ हवा का मिश्रण होने से अरब सागर से नमी का प्रवाह हो रहा है। इससे सूबे के अधिकतर शहरों में सोमवार को बादल छाए रहे। राजधानी सहित प्रदेश के 25 शहरों का अधिकतम पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस तक गिरा। वहीं 6 शहरों का अधिकतम तापमान चढ़ा है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई जयंती

**चतरा,** कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय के सायल बगीचा परिसर में मंगलवार को बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोउत्सव को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसका नेतृत्व क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह कर रहे थे। इस मौके पर अखिल भारतीय प्रदेश संरक्षक सरयू राय, गढ़वा के पूर्व मंत्री सह संरक्षक गिरिनाथ सिंह लोहरदगा निवासी सह एमएलसी प्रवीण सिंह, करणी सेना प्रदेश संरक्षक अरुण सिंह, भीम सिंह, भोजपुरी कीर्तन मंडली के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, सेवानिवृत शिक्षक सरजू प्रसाद सिंह सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई इसके पश्चात अतिथियों को माला पहनकर पगड़ी देकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश संरक्षक सरजू राय ने कहा कि अमर बदलनी स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर भारत के प्रथम विद्रोह सन 1857 के महानायक थे। जिन्होंने अपने प्राण तक निछावर कर दिया और अंग्रेजों के सामने घुटना नहीं टेका। आज की युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं गिरीनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ियों के बच्चों को वीर कुंवर जैसा राष्ट्रभक्ति बनाने की आवश्यकता है। क्षत्रिय समाज संगठित और सशक्त हो इसकी भी परिकल्पना की जाए। वहीं एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अपनी उम्र 80 वर्ष के पड़ाव पर जगदीशपुर के जमींदार बाबू छोटे भाई अमर सिंह के साथ 12 जून 1857 को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिल्कुल फूंका था। अंग्रेज अधिकारी रीसेंट एयर और विलियम टेलर को विद्रोह दबाने की जिम्मेदारी मिली लेकिन वह अंत तक छापामार युद्ध को लड़ते रहे उन्होंने कहा कि सिंह देश की आन बान शान है। वही करणी सेवा के प्रदेश संरक्षक अरुण सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह महान स्वतंत्रता सेनानी और अमर योद्धा थे अंग्रेज उनसे खौफ खाते थे उन्हें षड्यंत्र के तहत अंग्रेजों ने पड़कर फांसी दे दी। इस घटना के बाद रूपम कुंवर सती हो गई। लेकिन उनकी विचारधारा आज भी जीवंत है। वहीं प्रतापपुर गेरुआ के संतोष सिंह ने कहा कि आज बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे ही भावना और शक्ति के साथ काम करने की आवश्यकता है। इस तरह संबोधन करने वालों में सरयू प्रसाद सिंह हरिश्चंद्र सिंह भीम सिंह पारसनाथ सिंह कौशलेंद्र सिंह दिनेश्वर सिंह आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम में हंटरगंज से जितेंद्र सिंह बिट्टू कुमार के अलावे राज सिंह चौहान जयप्रकाश सिंह सत्येंद्र सिंह कामाख्या सिंह विजय सिंह प्रमोद कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।





## कुसमाटांड़ में दो गुटों में मारपीट में दो युवक घायल

**बलियापुर** ः कुसमाटांड़ के ताड़गाछ मोड़ स्थित एक दुकान में तेल का खाली टीना खरीदने गया कुसमाटांड़ के 42 वर्षीय उमेश कुमार रवानी एवं दुकानदार के बीच विवाद के दौरान मारपीट हो जाने से उमेश कुमार रवानी घायल हो गया। उनके आंख एवं चेहरे पर चोटे बताई जाती है। उसे इलाज के लिए बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने शहीद निर्मल महतो मेमोरियल हॉस्पिटल धनबाद भेज दिया। घायल उमेश रवानी का आरोप है कि तेल का खाली टीना खरीदने के लिए पंकज अग्रवाल की दुकान पहुंचा था? खरीदारी के दौरान दुकानदार से उनकी बहस हो गई आरोप लगाया है कि इस दौरान दुकानदार श्री अग्रवाल एवं उनके छोटे भाई ने मिलकर उसे लोहे की डब्बू ( चाटू) से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। दूसरी ओर दुकानदार पंकज अग्रवाल का कहना है कि उमेश रवानी नशे की हालत में उनकी दुकान पहुंचा था। दुकानदार श्री अग्रवाल का आरोप है इस दौरान उन्होंने दुकान से तेल का खाली टीना लेकर भाग रहा था। जिससे विवाद हो गया। मारपीट में दुकानदार श्री अग्रवाल भी जख्मी बताया जाता है। दोनों पक्षों की ओर से बलियापुर थाना प्रभारी को मामले की शिकायत किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## देशी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार




**किस्को/लोहरदगा**ः जिले के किस्को थाना पुलिस ने सोमवार की रात्रि में छापेमारी दल गठन कर एक देशी कट्टा बरामद करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। किस्को थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमां के दिशा निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के हुटाप गांव से एक युवक के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। साथ ही युवक को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिसकी पहचान हुटाप गांव निवासी 30 वर्षीय अर्जुन यादव उर्फ कुनु पिता सुगम्बर के रूप में हुई है। युवक एक वर्ष पूर्व पाखर के एक युवक की हत्या के मामले में छः माह पहले ही जेल से बाहर आया था। मिली जानकारी के अनुसार किस्को थाना प्रभारी हर्षवर्द्धन सिंह को एक युवक अपने पास देशी कट्टा लेकर घूमनी की सूचना मिली थी। जिसके बाद गठित टीम हुटाप पहुंचने पर युवक पुलिस देखर भगाने लगा।इधर छापामारी दल में अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी के अलावे एसआई महेंद्र यादव, एसआई प्रकाश कुमार, देंवेंद्र हांसदा, हवलदार नागेंद्र दीक्षित, आरक्षी डोना सिरका, विकास कुमार सिंह, शिवनाथ, गृहरक्षक चालक जफीर अंसारी के सहयोग से कट्टा के साथ पकड़ा गया। और किस्को थाना लगाया गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में किस्को थाना कांड संख्या 11/2024 धारा -25(1-क)/26 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## ईद मिलन समारोह में शामिल हुए सुखदेव भगत, दी ईद की शुभकामनाएं




**कुडू** - लोहरदग़ा ः पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष कुडू निवासी ज़फर खान के आवास में सोमवार की शाम ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदग़ा के पूर्व विधायक और लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत उनकी पत्नी नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत सहित प्रखण्ड के विभिन्न गांव के भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत का उपस्थित लोगों द्वारा स्वागत किया गया। सुखदेव भगत ने देश-प्रदेश में अमन और शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए लोहरदग़ा लोकसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की जनता को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उपस्थित लोगों से अल्पसंख्यकों के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और मौजूदा राजनीतिक विषय पर चर्चा की। मौके पर उप प्रमुख एनुल अंसारी, शमीम खान, समसूल अंसारी, सदरुल अंसारी, यूनुस अंसारी, साहिल अहमद, आरिफ खान, गुड्डू खान, सबरेज़ आलम, फहद खान, हलीम अंसारी, कमरुल इस्लाम, हाशिम अंसारी, आज़ाद खान, डॉ खुर्शीद, आरजू खान, हिफजूल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हाशिम शाहदत का सालाना उर्स आज चादर पोशी के लिए अकीदतमंदों की लगी हुजूम

**मेदिनीनगर** मेदिनीनगर शाहपुर स्थित हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स आज से शुरू हो गया है मजार कमिटी के सदर जनाब इफ़तेखार अंसारी की सदारत मे आज अहले सुबह गुसुलखानी चादरपोशी कर फातेहा पढ़ी गयी कमिटी के सरपरस्त भाइ रुस्तम अल्तमश ने बताया की हाशिम शाह के दरबार मे कोई भी सवाली खाली नही जाता बाबा सबकी मुरादें पुरी करते है यहाँ सभी जाती और धर्म के लोग अकीदत के साथ आते हैं यहां दो दिनों का उर्स लगता है जिसमें जिले के इलावा अन्य जिलों और राज्यों के भी लोग इस उर्स मे आते है जिसमें दो दिनों तक कव्वाली का आयोजन किया जाता है इसबार कर्नाटक के मशहूर कव्वाल आसिफ मुराद रजा और मुंबई के जानेमाने कव्वाल सलीम रजा तशरीफ ला रहे हैं

## डीजे गाड़ी पलटने से चार गंभीर रूप से घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ ।** बालूमाथ शेरेगड़ा मुख्य पथ पर मंगलवार की सुबह एक डीजे( साउंड) गाड़ी पलटने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गणेश कुमार गंझु 18 वर्ष पिता कुलदीप गंझु,दीपक उरांव 13 वर्ष पिता सुले उरांव,अरविंद उरांव 14 वर्ष पिता स्व.जानकी उराँव,सुनील कुमार 18 वर्ष पिता सहदेव गंझू सभी ग्राम कुटकी पिपरवार निवासी उक्त सभी लोग झाबर ग्राम में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे । सभी लोग डीजे गाड़ी के ऊपर में बैठे हुए थे ।जहां तस्तबार ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर डीजे गाड़ी पलट गया । जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं गंभीर रूप से घायल अरविंद कुमार को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

## पुलिस ने शहरी क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**हरिहरगंज** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा में एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं 4 ड्राम में रखे करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। हालांकि शराब व्यवसायिक पुलिस को देख भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण करनेवाले फरार धंधेबाजों को पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। छापेमारी अभियान मे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के अलावे एसआई विगेश कुमार राय, नंदलाल साहनी, डीके गोप एएसआई संजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## कुडू में जंगली हाथी ने एक को कुचला, दर्दनाक मौत

### गांव में पहुंचे हाथियों के झुंड को भगाने के दौरान उग्र हुए हाथी

**कुडू** - लोहरदग़ा ः कुडू में जंगली हाथीयों के झुंड ने एक बार फिर अपना कहर बरपाया है। सोमवार की देर रात करीब 10ः30 बजे प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथीयो ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव ( 35 वर्ष ) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10ः30 बजे बड़मड़ा ईटरा गांव में 20 से 25 जंगली हाथीयों के झुंड गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलने के बाद एकजुट हुए गांव वाले मशाल, बम -पटाखा लेकर हाथी को भगाने निकल गए। इसी बीच बड़मारा और चंदलासो गांव के सीमाने पर स्थित डेम के समीप अपने खेत की सिंचाई कर रहे महावीर उरांव भी हाथी भगाने चला गया। तभी महावीर भगत के क्रेशर के समीप ग्रामीण और हाथीयों का झुंड आमने सामने हो गया। हाथियों को सामने देख अफरा तफरी में लोगों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई जबकी महावीर ज़मीन पर गिर गया जिसे हाथियों ने कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। हादसे के कुछ देर बाद ग्रामीणों ने महावीर को कूडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। घटना की सूचना पर लोहरदग़ा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने त्वरित संज्ञान लिया जिसके बाद मृतक की पत्नी को अस्थायी राहत के रूप में डीएफओ लोहरदगा द्वारा 25 हज़ार रुपये का मुआवजा दिया गया। इस हादसे के बाद क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग की कार्यशैली से आक्रोशित हैं। लोगों का कहना है कि लगातार हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने के बाद भी कोई पुख्ता इन्तेज़ान नही किया जाता है जिससे प्रतिवर्ष दर्जनों लोग बेघर होते हैं और जान माल का नुकसान होता रहता है। फिलहाल हाथियों के क्षेत्र में घूमने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## फरार वारंटी के घर पुलिस ने किया कुर्की जब्ती



**हरिहरगंज** पुलिस ने सोमवार को सेमरवार गांव में विरेन्द्र पासवान के घर का कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विरेन्द्र पासवान बिहार राज्य के दाउदनगर थाना में दर्ज कांड संख्या 240 /2014 का फरार अभियुक्त है। एसआई विगेश कुमार राय तथा पुलिस बल ने कुर्की का कार्रवाई किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर फरार वारंटीयों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अनुपमा देवी को मिल रहा बुजुर्गों व महिलाओं का आशिर्वाद



**बोकारो,** धनबाद लोकसभा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा देवी को पूर्व सांसद ,वर्तमान सांसद,के अलावा क्षेत्र के महिलाओं ,बुजुर्गों का आशिर्वाद मिल रहा है,अनुपमा सिंह ने पहले पश्चिमी सिंहभूम के विधायक सरयू राय , फिर सांसद पशुपतिनाथ सिंह इसके आलावा लोकसभा क्षेत्र के कई जाने माने लोग एवं आमजन से गरीबों से लगातार विजय भवः का आशिर्वाद मिल रहा है, वहीं दूसरे तरफ जुबानी जंग भी चल रहा है,वहीँ दूसरे तरफ एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी ढूलु महतो भी लगातार दिग्गजों के साथ साथ जनता से लगातार रुबरू हो रहे हैं ,ओर सूत्रों के अनुसार ढूलु महतो को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, ढूलु महतो भी धनबाद लोकसभा के पूर्व सासंद ददई दुबे से मिलकर आशिर्वाद भी लिए है।अब जनसमर्थन ,सेववाद, परिवारवाद,जातिवाद ,बाहरी भीतरी ,कई तरह की बात चल रही है,लेकिन लोकतंत्र के इस महापर्व में स फ़ैसला जनता जनार्दन के हाथ मे है जो 25 मई को होगा और उसकी रिजल्ट 4 जून को आयेगा, उस समय सब साफ हो जाएगा,

## जिला तैलिक समाज ने माल्यार्पण कर दानवीर भामाशाह जी की जयंती मनाई



**हजारीबाग** - जिला तैलिक समाज द्वारा मंगलवार को अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में इंद्रलोक टावर में दानवीर भामाशाह जी की जयंती मनाई गई। मंच संचालन जिला महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष द्वारा दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद समाज के प्रबुद्ध व गणमान्य लोग भी माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर सोमर साहू ने हल्दी घाटी की उस लड़ाई पर विस्तार से बताकर लोगो को बताया कि किस तरह दानवीर भामाशाह ने अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान में देकर उनकी मदद की और इतिहास के पन्नो में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। उनके जीवनी पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में वर्तमान पाली जिले के सादड़ी गांव में 23 अप्रैल 1547 को ओसवाल में हुआ। उनके पिता का नाम भारमल था, जो रणथम्भौर के किलेदार थे। बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में आप सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दानवीरता के लिए भामाशाह नाम इतिहास में अमर है। महासचिव नारायण ने दानवीर भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हल्दी घाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप के लिए उन्होंने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। प्राप्त सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ और उन्होंने पुनः सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित करा और फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। समाज के अन्य लोगो ने भी उनकी जीवनी से प्रेरित होने की बात कही।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी से मिले अनुपमा सिंह

### मंजूर अंसारी ने अनुपमा सिंह को जीत को लेकर किया आस्वासत



**बोकारो।** मंगलवार को इंडी गठबंधन के धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी से उनके बोकारो स्तिथ आवास में मुलाकात कर आशिर्वाद लिया और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया,वहीँ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने जीत को लेकर आस्वत करते हुवे कहा कि धनबाद की जनता को ढुलू महतो के आतंक से जनता को मुक्ति दिलानी है, जनता भी ढूलु महतो के छवि को जानती है इसलिये अनुपमा देवी को जनता जीत दिलायेगी और अपनी समस्याओं को सांसद में गूंजे इसके लिए अनुपमा सिंह को चुनेगी।

## पंचतत्व में विलीन हुए ओल्ड जेवरियन हॉक्सा के अध्यक्ष रीको वर्मा



**हज़ारीबाग़** - नम आंखो से स्वर्गीय रिको वर्मा को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार जबरा मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। बताते चले की स्वर्गीय रिको वर्मा का निधन कल दिनांक 22 अप्रैल 2024 को अपने हजारीबाग आवास में हो गया था। स्वर्गीय रिको वर्मा शहर के गण्यमान व्यक्तियों में गिने जाते थे एवं संत जेवियर स्कूल हजारीबाग के हौक्सा परिवार के लिए उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके अंतिम संस्कार में शहर के विभिन्न जातियों के लोग उपस्थित रहे। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। हॉक्सा परिवार के सचिव श्री राहुल जैन ने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा एक खूसमीजाज व्यक्तित्व वाले इंसान थे और उन्होंने कभी बड़े छोटे में अंतर नहीं किया और सभी को एक समान देखते थे। उन्होंने कहा की आज उनके अंतिम संस्कार में आने वाले व्यक्ति सभी जाति धर्म से थे जिससे धर्मनिरपेक्षता का एक उद्धारण समाज में पेश हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हजारीबाग** - सर्किट हाउस के निकट मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि मृतक जेएच1 एफएफ363 से रांची पटना मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान बाईक तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर बाइक सवार पिता-पुत्री को डंपर ने रौंदा, हादसे में दोनों की मौत

**गाजीपुर , एजेंसी।** गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र के महेगवां गांव के वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। अज्ञात डंपर वाहन से कुचलकर बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई, जो आजमगढ़ जिले के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मर्चरी हाऊस भेज दिया है।

**यह है मामला –** आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के पूरा सोफी गुजरपार निवासी अफजाल अहमद (62) अपनी बेटी आशिया खातून (27) के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। वे जैसे ही मऊ से गाजीपुर की ओर जा रहे थे कि 11:30 बजे मरदह थाना क्षेत्र के महेगवां गांव के वाराणसी - गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर अज्ञात डंपर पीछे से पिता- पुत्री को कुचलते हुए निकल गई।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। साथ ही पुलिस गाड़ी और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

### सीएमओ कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष में आग, पीए मातृत्व वंदन योजना के रिकॉर्ड समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज जले

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चकेरी रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय के कंप्यूटर कक्ष में सोमवार रात संदिग्ध हालात में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का रिकॉर्ड, महत्वपूर्ण दस्तावेज, डेस्कटॉप, कंप्यूटर सीपीयू और प्रिंटर जलकर राख हो गए।

सीएमओ कार्यालय के चौकीदार राहुल चौधरी ने बताया कि रात करीब पौने नौ बजे कमरे से धुआं निकलता देखा। चालक शिव कुमार सिंह की मदद से कमरे के बाहर लगी खिड़की का शीशा तोड़ा और बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग की लपटे बढ़ने लगी तो अधिकारियों और दमकल को सूचना दी। सूचना पर करीब 10 बजे पहुंची दमकल ने आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल कर्मियों का कहना है कि संभव है कि कार्यालय में कोई बिजली उपकरण चलता रहा हो और उसकी वजह से शॉर्ट सर्किट हादसा हो गया। डिप्टी सीएमओ रमित रस्तोगी ने कहा कि मंगलवार को लगी आग से हुए नुकसान की जानकारी जुटाई जाएगी।

### स्कूल वैन का रेडिएटर फटा, खौलते कूलेंट से झुलस गईं चार छात्राएं; राहगीरों ने की मदद


**आगरा, एजेंसी।** आगरा के हाथरस मार्ग पर सोमवार को ट्रांस यमुना स्थित जोंस मेरी स्कूल के विद्यार्थियों को लेकर जा रही वैन में हादसा हुआ। रेडिएटर का बॉल दबाव के कारण उछलने से करीब बैठीं छात्र-छात्राएं झुलस गईं। चीख-पुकार पर चालक ने वैन रोक दिया। राहगीरों ने बच्चों को बाहर निकाला। सूचना पर स्कूल प्रबंधन और बच्चों के अभिभावक पहुंच गए। झुलसी चार बच्चियों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

हादसा दोपहर तकरीबन 1:30 बजे हुआ। फाउंड्री नगर निवासी हाईस्कूल की छात्रा कृतिका, कक्षा तीन की छात्रा शांभवी, कक्षा 2 की छात्रा वंशिका और कक्षा 4 की छात्रा खुशबू झुलसीं। परिजन का कहना था कि चालक अनिल रोजाना 10-12 बच्चों को स्कूल से लेकर आता है। बच्चियां पिछले हिस्से में लगे रेडिएटर के पास सीटों पर बैठी थीं। घटना में पांच-छह अन्य बच्चों के शरीर पर भी खौलते कूलेंट के छींटे पड़ गए। इस मामले में स्कूल मैनेजर दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि अनिल वाहन लेकर आ रहा था। वाहन में पीछे की तरफ रेडिएटर लगा है। उसका ढक्कन खुलने से हादसा हुआ था। खुशबू के पैर झुलस गए। बाकी को मामूली दिक्कत हुई।

**स्कूली वाहनों से हो रहे हादसे–** शहर में स्कूली वाहनों से कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच तक नहीं होती है।

# बरेली सीट पर 13 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में लोकसभा चुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रकिया में सोमवार को नाम वापसी हुई। बरेली और आंवला सीट से नामांकन कराने वालों में से सिर्फ एक नामांकन पत्र पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने वापस लिया। बरेली से 13 और आंवला से नौ प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में है। सुरक्षा के मद्देनजर कलक्ट्रेट परिसर में पुलिसकर्मी, एलआईयू और अन्य सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे। भारतीय जनता पार्टी के छत्रपाल सिंह गंगवार, समाजवादी पार्टी के प्रवीण सिंह ऐरन, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के भूपेंद्र कुमार मौर्य, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के जगपाल सिंह यादव, भारत जोड़ो पार्टी के मोहम्मद नाजिम अली, पीस पार्टी के इरशाद अंसारी एडवोकेट, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के रवि कुमार, जनशक्ति एकता पार्टी के रोहताश कश्यप, नितिन मोहन, आशीष गंगवार, वसीम मियां, आयशा बी, बुद्धप्रिय कर्मराज राहुल।



**आंवला लोकसभा सीट:** भारतीय जनता पार्टी के धर्मेंद्र कश्यप, समाजवादी पार्टी के नीरज मौर्य, बहुजन समाज पार्टी के आबिद अली, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राज कुमार पटेल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के निर्मोद कुमार सिंह, पीस पार्टी के कौसर खान, बहुजन मुक्ति पार्टी के मक्खन लाल, वंचित समाज इंसाफ पार्टी के प्रेमपाल सागर, भारत जोड़ो पार्टी के मोहम्मद आमिर खान। नामांकन वापसी के साथ ही सोमवार को रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न बांटे गए। इसमें किसी के हिस्से में फलों की टोकरी तो किसी को बिजली का खंभा व अन्य चुनाव चिह्न मिले। इसके बाद सभी अपनी-अपनी जीत के दावे करते रहे। बरेली सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों में भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार को कमल और सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन को साइकिल चुनाव चिह्न मिला। रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दल के प्रत्याशियों में इरशाद अंसारी एडवोकेट को कांच का गिलास, जगपाल सिंह यादव को बेंच, मोहम्मद नाजिम को बिजली का खंभा, भूपेंद्र कुमार मौर्या को फलों से युक्त टोकरी, रवि कुमार को कटहल, रोहताश कश्यप को लेटर बॉक्स, निर्दलीय में आयशा बी को साइकिल पंप, आशीष गंगवार को अलमारी, नितिन मोहन को बांसुरी, बुद्धप्रिय कर्मराज राहुल को कंप्यूटर, वसीम मियां को केतली चुनाव चिह्न मिला।

# तीसरे चरण की 10 सीटों पर 100 प्रत्याशी मैदान में, सपा के गढ़ में डिंपल और आदित्य की किस्मत दांव पर




**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए सोमवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख को चार ने अपने नामांकन वापस लिए। संभल, फतेहपुर सीकरी, बदायूं और बरेली में एक-एक उम्मीदवारों ने दावेदारी वापस ली। इसी के साथ तीसरे चरण की कुल 10 सीटों पर 100 प्रत्याशी मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीट में 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गए थे। इसमें एक प्रत्याशी तूबा ने अपना नामांकन वापस लिया। हाथरस (अजा) से 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आगरा (अजा) से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर से 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले। एक ने नाम वापस लिया। फिरोजाबाद में 7, मैनपुरी में 8, एटा में 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। बदायूं से 12 प्रत्याशी थे। एक ने नाम वापस लिया। आंवला में 9 और बरेली में 13 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए अब तक 45 नामांकन

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चौथे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों और ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए अब तक 45 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। 22 अप्रैल को 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 22 अप्रैल को दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चौथे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। 29 अप्रैल को नाम वापसी होगी। इसके बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा।

# बगीचे में सो रहे पिता को जगाने पहुंचा बेटा

## बिस्तर पर खून से लथपथ शव देख पैरों तले खिसक गई जमीन

**मऊ , एजेंसी।** मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के कटघरा महलु गांव में मंगलवार की तड़के उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों को पता चला कि गांव के बाहर स्थित बगीचे में एक वृद्ध की गला रेत कर हत्या कर दी गई है। हत्या की खबर पहुंचते ही परिजनों मे मातम पसर गया। सूचना पर पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**यह है पूरा मामला–** जानकारी के अनुसार कटघरा महलू गांव निवासी बाबू राय (75) पुत्र स्व. केशव राय रोज की भांति भोजन के बाद सोमवार की देर शाम गांव के पश्चिम दिशा स्थित अपने बगीचे में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह बाबू राय का इकलौता पुत्र अरविंद राय बगीचे में पहुंचा तो देखा पिता अपने बिस्तर पर खून से लथपथ मृत पड़े थे। पिता को खून से लथपथ देख बेटा दहाड़ मारकर रोने लगा। बिलखते हुए अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आनन फानन पुलिस को सूचना दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिक टीम को जानकारी दी। छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस मामले में मधुवन प्रभारी रविंद्र नाथ राय का कहना है कि मामला संज्ञान में है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**युवक को तालिबानी सजा**

# शादीशुदा गर्भवती से मिलने पहुंचे प्रेमी की मूछें और भौंह की साफ, दोनों को जमकर पीटा

**औरैया , एजेंसी।** औरैया जिले में दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा गर्भवती प्रेमिका से मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने क्रूरता की हद पार करते हुए सजा दी। महिला और उसके अविवाहित प्रेमी को कमरा बंद करके जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें साफ कर दी। सुबह के समय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सोमवार रात करीब एक बजे क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था।

वह घर में अकेली थी। रात लगभग एक बजे गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान महिला से मिलने पहुंच गया। इस बीच महिला का भतीजा आया तो दोनों को एक कमरे में आपस में बात करते देख लिया।हड़बड़ाहट में महिला ने प्रेमी मेहरबान को कमरे से रखे बक्से में बंद कर दिया। इस बीच रात लगभग ढाई बजे महिला के ससुरालीजन और पास में रहने वाले रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर गर्भवती महिला और उसके प्रेमी को जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें और बाल काट दिए।

प्रेमी के सिर से खून निकलता देखकर खून बंद करने के लिए सिर में सिंदूर भर दिया। सुबह होने पर ससुरालियों ने थाना पुलिस को सूचना दी। साथ ही महिला का एक रिश्तेदार महिला और उसके प्रेमी को दिबियापुर पुलिस के सुपुर्द करके चले गए। महिला ने बताया कि उसके मायके और ससुराल के लोगों ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया है। अब वह अपने प्रेमी के साथ रहेगी। जबकि युवक का कहना है कि वह महिला को अपने साथ रखने को तैयार है।पीड़ित महिला ने बताया कि लगभग सात माह से उसकी, फेसबुक पर पास के ही गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान से दोस्ती हो गई थी। दोनों के बीच फेसबुक मैसेंजर पर मेसेज के माध्यम से बात होने लगी। इसके बाद मोबाइल पर भी बात होनी शुरू हो गई थी। पति को जानकारी मिली तो लगभग तीन माह पहले पीड़िता का एंड्रायड मोबाइल छीन लिया था। बाद में दूसरा मोबाइल मायके से मिला तो दोबारा बात शुरू हुई। सोमवार की रात उसका प्रेमी उससे पहली बार मिलने आया था।

# अस्पताल देगा 12 लाख रुपए का हर्जाना, इलाज के दौरान हुई थी प्रसूता की मौत

**आगरा , एजेंसी।** इलाज में लापरवाही बरतने की वजह से प्रसूता की मौत पर आगरा के अस्पताल पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने 12 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। इसपर पांच साल का 9 फीसदी सालाना की दर से ब्याज भी देना होगा। ये आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने दिए।

आगरा निवासी रामू की पत्नी ऊषा देवी गर्भवती थीं। रश्मि मेडिकेयर सेंटर में नियमित जांच हो रही थी। दो मई 2018 को जांच के लिए गई ऊषादेवी को प्रसव के लिए भर्ती कर लिया। तीन मई को बेटे को जन्म दिया और शाम को उसकी तबियत बिगड़ गई। सांस लेने में तकलीफ और अत्यधिक रक्तस्राव होने पर चार मई को उसे दूसरे अस्पताल सिनर्जी प्लस में रेफर कर दिया गया। वहां 25 मई तक आराम न मिलने पर जयपुर स्थित इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रेफर सेंटर में भर्ती किया गया। 13 जून को उनकी मृत्यु हो गई। स्टेट मेडिको लीगल रिपोर्ट में ऊषादेवी की मौत की वजह अस्पताल द्वारा बरती गई लापरवाही बताया गया।

इस पर ऊषा के पति रामू ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष व न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने कहा कि इस मामले में रश्मि मेडिकेयर की लापरवाही पाई गई है। जब प्रसूता का हीमोग्लोबिन महज 6 था और 12 के नीचे आपरेशन नहीं किया जाना चाहिए , तब भी आपरेशन कर देना गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही है। उन्होंने शेष दोनों अस्पतालों की कोई लापरवाही नहीं पाई।

अपने आदेश में उन्होंने रश्मि मेडिकेयर पर 10 लाख रुपये का हर्जाना लगाया। मानसिक उत्पीड़न के रूप में दो लाख रुपये और वाद व्यय के 20 हजार भी देने का आदेश दिया। इस पर वर्ष 2019 से 9 फीसदी सालाना ब्याज भी देना होगा। साथ ही उन्होंने ये भी आदेश दिया कि दस लाख रुपये मृतका की पांच बेटियों के नाम दो-दो लाख की एफडी के रूप में दिए जाएं। ब्याज और मानसिक क्षतिपूर्ति की राशि पति को मिलेगी।

# आईपीएल के शौकीन रोडवेज बस कंडक्टर की कारस्तानी, सट्टेबाजी में लगा दिया यात्रियों के टिकट का पैसा

**लखनऊ** रोडवेज में संविदा बस कंडक्टर की एक और मनमानी का खुलासा हुआ है। इस बार यात्रियों के टिकट का 65 हजार रुपये कंडक्टर लेकर एक सप्ताह तक गायब रहा। मामले की शिकायत के बाद पता चला कि आरोपी बस कंडक्टर कैश बैग समय से जमा नहीं करता है। जांच में उजागर हुआ कि आरोपी ने यात्रियों के टिकट का पैसा आईपीएल क्रिकेट मैच के सट्टेबाजी में लगा दिया।

इसका खुलासा उस समय हुआ जब कैसरबाग डिपो के इंजार्च से मिलीभगत कर एक सप्ताह के बाद कैश बैग जमा किया। इस मामले में कैसरबाग डिपो के एआरएम ने संविदा बस कंडक्टर पंकज तिवारी से जवाब-तलब करते हुए उसे बस ड्यूटी से हटा दिया। कैसरबाग डिपो के ड्राइवर बताते है कि जब से आईपीएल का मैच शुरू हुआ है, तब से कंडक्टर पंकज तिवारी मोबाइल पर सट्टा खेलते हुए कई बार देखा गया।



### कैसरबाग से पांच अप्रैल को देहरादून गई थी बस

कैसरबाग ड्यूटी रूम के मुताबिक बीते पांच अप्रैल को संविदा बस कंडक्टर पंकज तिवारी बस लेकर दिल्ली गया। वहां से देहरादून जाकर वापस आठ अप्रैल को लखनऊ लौटा। इस दौरान लंबी दूरी के यात्री होने की वजह से कैश बैग में काफी पैसा एकत्र हो गया था। इस पैसे को नौ या दस अप्रैल को जमा करना था। लेकिन कैश बैग जमा करने के बजाए दस दिनों तक पैसा लेकर गायब रहा। इस दौरान सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया।

कैसरबाग बस स्टेशन के इंचार्ज एसके गुप्ता की जिम्मेदारी थी कि वह समय रहते कैश बैग जमा कराएं। लेकिन स्टेशन इंचार्ज ने मामले को दस दिनों तक दबाए रखा। मामले की जानकारी है। कंडक्टर से जवाब तलब किया है। फिलहाल उसे रूट ऑफ कर दिया है। जवाब आने के बाद कार्रवाई के लिए फाइल आरएम को भेजी जाएगी। अरविंद कुमार, एआरएम, कैसरबाग डिपो

# वोटिंग प्रतिशत गिरने पर लगी स्थानीय दिग्गजों की क्लास, सभी दलों ने संभाली कमान, बढ़ाएंगे मतदान

**मेरठ , एजेंसी।** पश्चिम की सीटों पर मतदान प्रतिशत गिरने से राजनीतिक दलों में हलचल है। तमाम पार्टियों में मंथन है। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और रालोद आदि और उनसे जुड़े संगठनों ने मतदान बढ़ाने के लिए कमान संभाल ली है। इसका असर मेरठ में भी देखने को मिल रहा है।

पार्टी हाईकमान ने दिग्गज नेता, पदाधिकारी और विधायकों को मतदान बढ़ाने की हिदायत दी है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं की कार्यप्रणाली की निगरानी हो रही है। मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से ऊपर पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है।

19 अप्रैल को पहले चरण में पश्चिम उप्र की लोकसभा सीटों पर हुए कम मतदान से सभी पार्टियां फिक्रमंद हैं। पार्टी सूत्रों से जानकारी मिली है कि भाजपा हाईकमान ने मतदान प्रतिशत परिणाम सामने आते ही उप्र के मेरठ ही नहीं बल्कि सभी लोकसभा सीटों से जुड़े अपनी पार्टी के नेताओं की क्लास लगाई है।

एक-एक बूथ और मतदाता को लेकर समीक्षा की गई है। बताया जा रहा है कि चुनाव के बाद पार्टी विरोधी कार्य करने वाले नेताओं पर शिकंजा कसा जाएगा। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से अरुण गोविल को जिताना स्थानीय भाजपाइयों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना है।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज का कहना है कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर मेरठ सीट पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने का प्रयास है। मतदान बढ़ाने के लिए जागरूकता को भाजपा और उससे जुड़े संगठन जुटे हैं। इसी तरह खासकर सपा और बसपा भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दी रही है। इसके लिए इन दलों के संगठन भी जुटे हैं।

एक पन्ना प्रमुख 15 घरों पर देगा दस्तक

भाजपा के पन्ना प्रमुख हर घर पहुंचकर मतदाता पर्ची बांट रहे हैं। इतना ही नहीं घरों के बाहर मतदान के प्रति जागरूकता के स्टीकर लगाए जा रहे हैं। एक पन्ना प्रमुख को 15 घरों तक पहुंचने की जिम्मेदारी दी गई है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदान का पाठ पढ़ाया जा रहा है। यहां तक की हर वोटर के नाम से पत्रक बांटकर उनसे वोट डालने की अपील की जा रही है।

पहले चरण में हुए कम हुए मतदान को सपा और बसपा खेमा अपने फायदे के रूप में देख रहे हैं। इसको लेकर वह अति उत्साहित हैं। दूसरे चरण में भी अपने वोट बैंक का शत प्रतिशत मतदान हो। इसको लेकर बसपा और सपा संगठन ने भी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे धरातल पर कार्य की समीक्षा की है।

बसपा जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह पाल का कहना है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक बूथ पर बसपा के पांच-पांच युवा कार्यकर्ता लगाए गए हैं। जो घर-घर से मतदाता को बूथ पर लाने का काम करेंगे। उधर, सपा के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी का कहना है कि सपा और कांग्रेस गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क करके मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी में जुटा है।

# बोलेरो गाड़ी से महिलाओं को ठोकर मारी, मदद करने की जगह कर दिया ये अपराध- पुलिस ने खोज निकाला

**गोरखपुर , एजेंसी।** क्षेत्र के तरकुलहा देवी मंदिर में परिवार के साथ सोमवार की दोपहर कढ़ाई चढ़ाने आई महिला को तरकुलहा मेला में ही बोलेरो ने ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज कराने के नाम पर नशे में धुत मनबढ़, घायल महिला और उसकी भाभी को गाड़ी में बैठाकर देवरिया के बरहज लेकर चले गए। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने पांच घंटे बाद दोनों महिलाओं को खोज निकाला। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर बोलेरो को कब्जे में ले लिया है। पीड़ित महिला के पति ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया जनपद के बरियारपुर इलाके के एक गांव की महिलाएं तरकुलहा देवी मंदिर पर कढ़ाई चढ़ाने आई थीं। बताया जा रहा है कि दोपहर तीन बजे एक महिला को मेला परिसर में ही एक बोलेरो ने ठोकर मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। बोलेरो में सवार लोग भीड़ में घिरता देख घायल महिला और उसकी भाभी को उपचार कराने लिए अपनी गाड़ी में बैठाकर साथ लेकर चले गए। चौरीचौरा में उपचार कराने बजाए उन्हें लेकर भागने लगे। गाड़ी में वे उनके साथ गालीगलौज करने लगे। परिजनों ने इसकी सूचना 112 व चौरीचौरा पुलिस को दी। तरकुलहा चौकी इंचार्ज अभिषेक राय ने पुलिस फोर्स के साथ बोलेरो की तलाश शुरू कर दी। करीब पांच घंटे बाद बोलेरो और दोनों महिलाओं को पुलिस ने बरहज से खोज निकाला। पुलिस बोलेरो को कब्जे में लेने के साथ दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

संपादकीय

# बेखौफ बंदी और जेलों में खूनी संघर्ष

पंजाब की संगरूर जेल में कैदियों के बीच खूनी संघर्ष में दो की मौत से एक बार फिर जेलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार की रात को कुछ कैदियों ने दो कैदियों पर हमला कर उन्हें धारदार हथियार से मार डाला। जेल प्रशासन का कहना है कि जिन कैदियों के बीच हिंसक झड़प हुई, उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध नहीं था। उनके बीच आपसी रंजिश थी, जो खूनी संघर्ष में परिणत हो गई। यानी इस बात की जानकारी जेल प्रशासन को थी कि कुछ कैदियों में कहासुनी की वजह से तनाव बना हुआ था। विचित्र है कि प्रशासन ने उस विवाद को सुलझाने का प्रयास नहीं किया। खुद पुलिस महानिरीक्षक ने माना है कि अगर समय रहते इस विवाद को सुलझा लिया गया होता, तो दो कैदियों की मौत नहीं होती। इस घटना के बाद भी फिर वही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैदियों को धारदार चीजें कैसे हाथ लग गईं, जिससे उन्होंने दो कैदियों की जान ले ली, जबकि जेलों में ऐसी हर चीज को बंदियों से दूर रखा जाता है, जिनसे वे किसी पर हमला या खुदकुशी कर सकते हों। पंजाब की जेलों में कैदियों के रखरखाव को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कई लोग तो यहां तक कह चुके हैं कि वहां की कई जेलें अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुकी हैं। संगरूर जेल पर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। कुछ साल पहले वहां से एक कुख्यात गिरोह के अपराधी के अपने जन्मदिन पर केक काटने और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने के बाद तो खासा विवाद हुआ था। ऐसे ही मामले बठिंडा, कपूरथला और पटियाला की जेलों से भी दर्ज हुए थे, जब अपराधियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय देखा या फोन पर बाहर के लागों से बात करते, किसी साजिश को अंजाम देते पाया गया। हालांकि जेल में कैदियों के बीच हिंसक झड़प का मामला केवल पंजाब तक सीमित नहीं है। दिल्ली की अति सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में भी ऐसी कई घटनाएं हाल के कुछ महीनों में देखी जा चुकी हैं।

## क्यों जरूरी हैं तीन नए कानून?

देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में प्रस्तावित आमूल बदलाव को उस समय काफी ताकत मिली, जब शनिवार को सीजेआई डी वाय चंद्रचूड़ ने उसे युगांतकारी बताया। इस बदलाव का मुख्य वाहक बन रहे तीन कानून – भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – न केवल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है। ये कानून इस साल एक जुलाई से लागू होने वाले हैं। ष्छ्वढ्ढ के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप साल के शुरू में ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना था कि ड्राइवरों ने अपनी पहल पर काम बंद किया है और इसके पीछे प्रस्तावित नए कानूनों के तहत हिट एंड रन मामलों के लिए किए गए सख्त प्रावधानों के दुरुपयोग का डर है। सरकार उस डर को निराधार बता रही थी। फिर भी उसने आश्वासन दिया कि इससे संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को उनसे विचार–विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा। 1 जुलाई से तीनों कानूनों के बाकी प्रावधान लागू हो जाएंगे, लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधानों के अमल पर रोक लगी रहेगी। जब भी कोई बड़ा बदलाव लाया जाता है तो उसे लेकर शंकाएं–आशंकाएं होती ही हैं। इन आशंकाओं को सही नजरिए के साथ परखने की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखा जाए तो ष्छ्वढ्ढ का ताजा बयान जहां बदलते दौर की जरूरतों के मद्देनजर प्रस्तावित बदलावों की अहमियत को रेखांकित करता है, वहीं यह भी बताता है कि इन बदलावों के पीछे जो मकसद हैं, वे अपने आप हासिल नहीं हो जाएंगे। उसके लिए कई स्तरों पर समानांतर प्रयास चलाए जाने की जरूरत है। असल जरूरत यह समझने की है कि जब समाज और हमारा जीवन पूरी तरह से रूपांतरित हो रहा हो तब हम पुराने कानूनों से चिपके रहते हुए काम नहीं चला सकते। प्रस्तावित तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उस तरह के बदलाव लाने वाले हैं, जिनकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी।

# विकसित देश भारत के आर्थिक दर्शन को लागू कर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं

(प्रह्लाद सबनानी)

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। विश्व के कुछ विकसित देश, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन, भारत को समय समय पर आर्थिक क्षेत्र में अपना ज्ञान प्रदान करते रहे हैं। परंतु, अब विश्व के आर्थिक धरातल पर परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और भारत की स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ होती जा रही है वहीं विकसित देशों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका स्थित निवेश बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान भारत के कुल कर्ज की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि भारत का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में, तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि, इसी मापदंड के आधार पर अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की स्थिति देखी जाय तो भारत की तुलना में इन देशों की स्थिति बहुत अधिक दयनीय स्थिति में पहुंच गई है, परंतु यह देश भारत को आज भी ज्ञान देते नहीं चूकते हैं कि भारत अपनी स्थिति में किस प्रकार सुधार करे। अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। अमेरिका आज प्रतिवर्ष अपने आय के कुल स्त्रोतों से अधिक ॠण ले रहा है। जब भी अमेरिकी सरकार को खर्च करने हेतु धन की आवश्यकता पड़ती है, वह बाजार में अमेरिकी बांड्ज जारी कर ॠण लेकर अपना काम चलाता है। यह बहुत ही गलत तरीका है परंतु अमेरिकी सरकार को आज भी इस बात की चिंता नहीं है। हालत यहां तक बिगड़ गए हैं कि अमेरिकी कानून द्वारा अमेरिकी सरकार के बाजार के ॠण लेने के लिए निर्धारित की गई अधिकतम सीमा भी पार हो जाती है एवं लगभग प्रत्येक तिमाही के अंतराल पर अमेरिकी संसद द्वारा ॠण लेने की इस अधिकतम सीमा को बढ़ाया जाता है, इसके बाद अमेरिकी सरकार बाजार से ॠण लेती है और अपने खर्चे चलाती है। यदि बाजार से ॠण लेने की सीमा को प्रत्येक तिमाही पश्चात अमेरिकी संसद द्वारा नहीं बढ़ाया जाय तो शायद अमेरिकी सरकार द्वारा अपने सामान्य खर्चों को चलाना ही असम्भव हो जाएगा। अमेरिका में आर्थिक क्षेत्र में हालत इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि अमेरिकी सरकार को ॠण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए भी बाजार से ॠण लेना पड़ रहा है। अमेरिकी सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक 100 दिनों के अंतराल में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ॠण बाजार से लिया जा रहा है। ॠण पर अदा किए जाने वाले ब्याज की राशि आज अमेरिका के सुरक्षा बजट से भी अधिक हो गई है। आज प्रत्येक वर्ष अमेरिकी सरकार को 87,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ॠण पर ब्याज के रूप में अदा करनी होती है जबकि अमेरिका का वार्षिक सुरक्षा बजट 82,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। उक्त परिस्थितियों के बीच अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, जेपी मोर्गन चेज, बैंक आफ अमेरिका, ब्लैक रॉक, आदि वित्तीय संस्थानों के उच्च अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार को चेतावनी दी है कि वह इस प्रकार के तरीकों को अपनाने से बाज आए अन्यथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को डूबने से कोई बचा नहीं सकेगा और इसका प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े बिना नहीं रहेगा। अमेरिका का बढ़ता ॠण पूरे विश्व में ब्याज दरों को प्रभावित कर रहा है, इससे विश्व में कई देशों को ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है और ॠण की लागत के साथ ही विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आज विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं, वैश्वीकरण के इस युग में, आपस में जुड़ी हुई हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित कर रही हैं। आज अमेरिका द्वारा अन्य देशों को ज्ञान देने के बजाय अपनी लगातार गर्त में जा रही अर्थव्यवस्था को सम्हालने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिकी सरकार को अपने खर्चों पर नियंत्रण करते हुए अपने आय के साधनों को बढ़ाना चाहिए। न कि, भारत एवं अन्य विकासशील देशों को सीख दे कि ये देश अपने देश में किसानों को दी जा रही सब्सिडी/सुविधाओं में कटौती करें और अंतरराष्ट्रीय व्यापार करते समय अमेरिका द्वारा दी गई सलाह को ध्यान में रखें। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था की जो स्थिति है और विश्व के अन्य देश यदि अमेरिकी सलाह के अनुसार अपनी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करते हैं तो सम्भव है कि इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी संकट के बादल मंडराने लगें। अमेरिका में पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था अब अंतिम सांसे लेती दिखाई दे रही है। यदि शीघ्र ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नहीं सम्हाला गया तो कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी पश्चिमी जगत अपनी चिंता व्यक्त करता रहता है। हाल ही में ब्रिटेन के एक सांसद ने इस सम्बंध में अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को गरीबों की संख्या को कम करने हेतु कुछ विशेष उपाय करने चाहिए। इस प्रकार की सलाह देने वाले विदेशी नागरिक यह भूल जाते हैं कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और अब यह लगभग 10 प्रतिशत तक रह गई है। जब ब्रिटेन ने वर्ष 1947 में भारत छोड़ा था तब भारत को अति गरीब देश बनाकर छोड़ा था और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी। और, आज ब्रिटेन में ही लगभग 18 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। फिर, किस आधार पर ब्रिटेन एवं अन्य विकसित देशों के नागरिक, आर्थिक क्षेत्र में, भारत को सलाह देने लगते हैं। जबकि, भारतीय अर्थव्यवस्था चूंकि सनातन चिंतन पर आधारित आर्थिक नियमों का अनुपालन करते हुए आगे बढ़ रही है इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था आज इन देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं।

> *विकसित देशों को यदि अपनी आर्थिक समस्याओं को हल करना है तो साम्यवाद एवं पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों का परित्याग कर भारतीय आर्थिक दर्शन को अपनाकर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए, न कि समय समय अन्य देशों को इस सम्बंध में अपना ज्ञान बांटना चाहिए।*

# दक्षिण भारत में तुरुप का इक्का साबित होंगे 'प्रमोद सावंत'!

(संजीव कुमार मिश्र )

प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गोवा ने विकास की जो इबारत लिखी है, उसकी चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने चुनावी रणनीति के लिहाज से दक्षिण भारत के अहम राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। प्रमोद सावंत पार्टी की उम्मीदों पर काफी हद तक खरे भी उतरे हैं। अबकी बार, 400 पार। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सूत्र वाक्य है। बीजेपी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक भी इस बात पर एकमत है कि दक्षिण भारत को साधे बिना बीजेपी चार सौ का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत की चुनावी कमान खुद सम्हाल रखी है। अकेले केरल में मोदी अब तक 6 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। लेकिन दक्षिण समेत पश्चिम भारत के कई राज्यों में प्रमोद सावंत भाजपा के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं? गोवा के मुख्यमंत्री जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही राजग के सहयोगी दलों की दायरा बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सावंत के नेतृत्व में गोवा ने विकास की जो इबारत लिखी है, उसकी चर्चा अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने चुनावी रणनीति के लिहाज से दक्षिण भारत के अहम राज्यों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। प्रमोद सावंत पार्टी की उम्मीदों पर काफी हद तक खरे भी उतरे हैं। दक्षिण भारत का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक में सावंत की वजह से ही जेडीएस, राजग के साथ आयी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की अध्यक्षता वाली जेडी (एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हुई थी। जेडीएस के राजग में शामिल होने में प्रमोद सावंत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्नाटक में भाजपा 25 जबकि जेडीएस लोकसभा की 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। तेलंगाना में भाजपा की विजय पताका फहराने के लिए प्रमोद सावंत जी जान से जुटे हैं। गत वर्ष 2023 से ही प्रमोद सावंत ने राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। फरवरी महीने में तेलंगाना में विजय संकल्प यात्रा के बहाने प्रमोद सावंत ने सभी लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रमोद सावंत प्रचार के साथ चुनावी रणनीति बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। तेलंगाना में लोकसभा की कुल 17 सीटें हैं। जिसमें से चार पर भाजपा, नौ पर बीआरएस और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है। गत चुनावों में एक सीट पर एआईएमआईएम को जीत मिली। इस बार 400 पार का नारा लेकर चुनावी मैदान में कूदी भाजपा का लक्ष्य यहां 10 से अधिक सीटें जीतना है। बीजेपी, केरल में कांग्रेस और वामपंथ का दुर्ग भेदने में जुटी है। निस्संदेह यहां चुनाव की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल रखी है। मोदी अब तक 6 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। हालांकि, मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सावंत बखूबी संभाल रहे हैं। मोदी की गारंटी का प्रचार वो जोर शोर से कर रहे हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात भी कर रहे हैं। इससे राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी ने केरल में एक महीने लंबी पदयात्रा निकाली। इसमें उमड़ी भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि सावंत अपने उद्देश्यों में धीरे धीरे सफल हो रहे हैं। 2019 में केरल में बीजेपी खाता भी नहीं खोल पायी थी। इस बार पार्टी को यहां से काफी उम्मीदें हैं। सावंत गोवा के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी चुनावी सभाएं कर रहे हैं। नागपुर में कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की। पार्टी महाराष्ट्र के युवाओं में सावंत की लोकप्रियता को भुनाना चाहती है। दरअसल बतौर मुख्यमंत्री सावंत ने कई उपलब्धि हासिल की है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## वर्ग पहेली 5349

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| 9 | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | ■ | 12 | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | | ■ |
| ■ | 16 | 17 | | ■ | ■ | ■ | 18 |
| 19 | ■ | 20 | | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | | ■ | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह हमारे देश का राष्ट्रीय नारा है (6)
7. एक होने का भाव, अभिसार, आलिंगन (3)
8. चुंगी कर, भाड़ा, किराया (4)
9. कण का शब्द का अपभ्रंश (2)
10. फूलों की घनी गुथी हुई छोटी माला (3)
11. वैराग्य, विरति, संयास ग्रहण, दिलीप कुमार की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (1967)(3)
12. मृदुल मंद समीर, ठंडी और धीमी हवा (3)
14. साधु संयासी के रहने का स्थान (2)
15. रसूल, ईशदूत, पैगंबर (2)
16. असफल, अयोग्य, अनुत्तीर्ण (3)
18. शास्त्रीय संगीत में गांधार स्वर (1)
20. ये तमिल तथा हिंदी फिल्मों के निर्देशक है जिन्हें पद्मश्री से नवाजा जा चुका है (5)
22. यह ऑस्ट्रिया का सबसे बड़ा शहर है जो डेन्यूब नदी के किनारे स्थित है (3)
24. नदी किनारे का वह पक्का स्थान जहां लोग पानी भरते व स्नान करते है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मजदूर (3)
2. सामंजस्य न होना, सामंजस्यहीन होना (6)
3. जंगल, कानन, अरण्य (2)
4. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
5. यह ईरान की राजधानी है (4)
6. गुलअदाम, फूल जैसा कोमल और मृदुल सुकुमार और सुगंधित शरीर वाला (4)
10. सूर्य का कए नाम यह भी है (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. शंख, सुतही, मुक्तागार (2)
17. हसरत, आरजू, तमन्ना, आकांशा (3)
19. पद्य की रचना वाला (2)
21. स्त्री का नृत्य, आम नाच (2)
22. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)

### वर्ग पहेली 5348 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ण | म | म | ल्ले | श्व | री | ■ |
| र्ण | ■ | त | ला | ■ | स | ज | ना |
| ■ | रू | प | या | ■ | न | न | द |
| ■ | प | त्र | ■ | ज | ■ | ■ | ना |
| ब | ही | ■ | ब | ल | कां | ड | ■ |
| ज | न | क | रा | ज | ■ | ल | ता |
| ना | ता | ■ | ती | ■ | ■ | हौ | रा |
| ■ | ■ | लू | ■ | ■ | फौ | जी | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपका मन किसी नए काम में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको लाभ होगा और सफलता मिलेगी। आपके लिए स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल माहौल तैयार होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### वृष

आज का दिन शुभ है और आज आपको किसी मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के अच्छे योग है। काफी समय से लटके किसी कार्य में आपको सफलता मिलेगी। आपको आज शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन बहुत क्रिएटिव होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आपको उसका फल मिलता चला जाएगा। अधूरे काम निपट जाएंगे और जरूरी कार्य पूर्ण होंगे। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा।

### तुला

आज का दिन काफी क्रिएटिव है और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपको अपना पसंदीदा कार्य करने का मौका मिलेगा। आपको आज कुछ देर के लिए रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और उन पर अमल भी कर सकते हैं। अपने सीनियर से सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक

आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा और हर कदम पर भाग्य आपका साथ देगा। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का वक्त आराम से कटेगा।

### धनु

आज हर मामले में संयम और सावधानी रखने की जरूरत है। आज किसी से बात करने में विवाद से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा। आस-पास के लोगों से टकराव न हो इस बात का ध्यान रखें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### कर्क

आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आज पैसों का निवेश करने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### सिंह

आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने के मामले में आपको लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। किसी व्यक्ति की सहायता करने से आपको लाभ होगा।

### कन्या

आज का दिन बहुत सामान्य है और आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। रोजमर्रा के घरेलू काम को पूरा करने का आज सुनहरा मौका है। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है और उसमें आपका लाभ होगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

### मकर

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। काम धंधे के मामले में कोई भी काम बिना सोचे न करें तो आपके लिए अच्छा होगा। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में आपस में सभी के साथ चर्चा करके ही कोई फैसला करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

### कुंभ

आज का दिन काफी सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। या फिर नया कोई साइड बिजनस स्टार्ट कर सकते हैं। अपनों के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर काम करें।

### मीन

आज का दिन आर्थिक मामलों में काफी मजबूत होगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, कार्यशील रहें तो भाग्य का साथ मिलेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी और आपके घर में आनंद के अवसर आएंगे। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आपको उसका लाभ मिलेगा। काम में नई जान आएगी।

# इंजीनियरिंग में बेस्ट आप्शंस



स्टूडेंट्स के बीच इंजीनियरिंग हमेशा से हॉट सब्जेक्ट रहा है, क्योंकि बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग के बाद करियर के कई ऑप्शंस खुल जाते हैं। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, पीएसयू, प्राइवेट सेक्टर में शानदार जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप इंजीनियरिंग में एडमिशन लेने जा रहे हैं, तो जानें यहां आपके लिए क्या बेस्ट ऑप्शंस हैं..

## एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए 12वीं में साइंस सब्जेक्ट यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/ बायोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होने चाहिए। अधिकतर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर इंजीनियर के बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन करती है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष की होती है। इसमें डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में एडमिशन बारहवीं के अंक के आधार पर भी होता है। आज इस फील्ड में अवसर भी कम नहीं है। स्किल्ड प्रोफेशनल्स प्रोडक्शन, सेल्स, मैनेजमेंट, रिसर्च आदि फील्ड में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग



12वीं साइंस (मैथ्स) के स्टूडेंट्स बीई/बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या एयरोनॉटिक्स में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। विभिन्न कॉलेजों और आईआईटीज में एयरोनॉटिक्स में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध है। कई पॉलिटेक्निक्स द्वारा एविएशन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। देश में कुछ संस्थान एविएशन में पोस्ट ग्रेजुएट (एमटेक) और डॉक्टोरल प्रोग्राम (पीएचडी) भी कराते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का बीई/ बीटेक कोर्स चार साल का होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो-तीन साल होती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर गवर्नमेंट और प्राइवेट एयरलाइंस में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अलावा, नेशनल एयरोनॉटिकल लैब, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इसरो आदि में भी जॉब पा सकते हैं।

## ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग

इन दिनों ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की डिमांड काफी बढ़ गई है। आप आईआईटी (गुवाहाटी) से बीटेक इन डिजाइनिंग (चार वर्षीय) का कोर्स कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) अहमदाबाद, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम ऑफर करती है। इन सभी कोर्स में 12वीं (पीसीएम) के बाद जेईई मेन्स और एडवांस क्वालिफाई करके एडमिशन लिया जा सकता है। आईआईटी, दिल्ली से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) हासिल कर सकते हैं। आईआईटी, कानपुर भी इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स कराती है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी-मुंबई से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) प्राप्त कर सकते हैं।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

इस कोर्स में एंट्री के लिए 12वीं बायोलॉजी, केमिस्ट्री और मैथ्स से पास होना जरूरी है। इस समय अधिकतर यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए अलग से कोर्स ऑफर नहीं किया जाता है, लेकिन इसकी पढ़ाई बायोटेक्नोजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में सहायक विषय के रूप में होती है। बायोटेक्नोलॉजी के अडंर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट में जेनेटिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। गेजुएट कोर्स, बीई/बीटेक में एंट्री प्रवेश परीक्षा के आधार पर होती है। जेनेटिक इंजीनियर के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी जॉब के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मेडिकल और फार्मास्युटिकल कंपनी, एग्रीकल्चर सेक्टर, प्राइवेट और गवर्नमेंट रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर में जॉब हासिल कर सकते हैं। टीचिंग को भी करियर ऑप्शन के रूप में आजमाया जा सकता है।

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने के लिए स्टूडेंट को जेईई या फिर स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाले इंजीनियरिंग एग्जाम को क्वालिफाई करना जरूरी है। 12वीं साइंस के स्टूडेंट्स इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ होना चाहिए। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग, टेलीविजन, कंप्यूटर, माइक्रोवेब्स से संबंधित इंडस्ट्रीज में इसकी खूब मांग है। इसके अलावा, एटमी प्लांट्स, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स, थर्मल पावर आदि के डिजाइन और डेवलपमेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियर की अहम भूमिका होती है।

## फायर इंजीनियरिंग

फायर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए साइंस सब्जेक्ट्स से बारहवीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा, इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए कई संस्थान नेशनल लेवर पर एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार आदि भी आयोजित करते हैं। फायर इंजीनियरिंग से रिलेटेड सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। कोर्स के दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज में फिजिकल फिटनेस के मार्क्स भी जोड़े जाते हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर ऐंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकड़ा के मुताबिक, फायर इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट और पब्लिक सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। इस फील्ड में जुड़े प्रोफेशनल्स रेलवे, एयरफोर्ट ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया, डिफेंस फोर्स, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ओएनजीसी, माइंस, रिफाइनरिज, पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## कंप्यूटर साइंस

कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के लिए मैथ्स और साइंस (फिजिक्स, केमेस्ट्री) में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इस ब्रांच में बीई या बीटेक करने के बाद पोस्टग्रेजुएशन यानी एमई/एमटेक किया जा सकता है। कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए देश-विदेश दोनों जगहों पर अच्छी संभावनाएं हैं। ये सॉफ्टवेयर्स को डिजाइन, डेवलप और मेंटेन करते हैं। इस फील्ड से जुड़े लोगों को सॉफ्टवेयर कंपनीज और आईटी कंपनियों में जॉब मिलती है। कंप्यूटर इंजीनियर अपनी टीम के साथ मिलकर मैथ और साइंस का प्रयोग करके कंप्यूटर को डिजाइन और डेवलप करते हैं। आमतौर पर कंप्यूटर के पुजरें के साथ काम करने वाले प्रोफेशनल्स को हार्डवेयर इंजीनियर कहा जाता है और जो कंप्यूटर के प्रोग्राम्स के साथ काम करते हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर कहा जाता है।

## पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

इन दिनों पेट्रोलियम इंजीनियर्स की काफी डिमांड है। अन्य इंजीनियरिंग ब्रांच की ही तरह पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स का 12वीं साइंस (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स) से पास होना जरूरी है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए जेईई पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एचपीसीएल, ओएनजीसी, बीपी आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है।

## माइनिंग इंजीनियरिंग

माइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए मैथ, फिजिक्स और केमिस्ट्री से 12वीं पास होना जरूरी है। माइनिंग इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम को पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, आईपीसीएल, नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आदि में जॉब की संभावनाएं तलाश सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च और टीचिंग में भी काफी स्कोप है।

# हॉबी भी बन सकती है कमाई का साधन



यदि आपकी भी कोई हॉबी है, तो वह आपको अच्छा रिटर्न भी दे सकती है। जरूरत है कि आप अपनी हॉबी को अपना पैशन बना लें, तभी तो वह आपको लाभ देगी। पैशन को निवेश में बदलने की शुरूआत करने पर उससे संबंधित कुछ बातों को जानना जरूरी है, तभी तो आप उसकी सही कीमत पा सकती हैं और अपनी कड़ी मेहनत से जुटाई संग्रहणीय वस्तुओं को भी सुरक्षित रख सकती हैं।

**कलैक्शन के लिए जुनून**

कलैक्शन की ललक किसी में बचपन या बुढ़ापे से ले कर कभी भी पैदा हो सकती है। कला, पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप, सिक्के और नोट सरीखी वस्तुओं का कलैक्शन लंबे समय में आपको अच्छी रिटर्न दे सकता है।

**शुरूआत के लिए**

यदि आप कुछ संग्रह करना शुरू करने वाली हैं, तो बेहतर है कि आप आम कलैक्शन के साथ शुरूआत करें। उदाहरण के लिए यदि आप स्टांप इकट्ठी करने वाली हैं, तो जितनी ज्यादा संभव हो, उतनी स्टांप इकट्ठी करें और जब कुछ समय के बाद आपके पास स्टांप का अच्छा-खासा कलैक्शन हो जाए, तो आप किसी खास देश की खास स्टांप पर भी फोकस कर सकती हैं। इससे मिलने वाली खुशी एक संकलनकर्ता का प्रोत्साहन होती है, न कि उसके संकलन की मार्कीट वैल्यू उसके लिए मायने रखती है।

**अभिभावकों की भूमिका**

अगर किसी बच्चे में कलैक्शन की हॉबी है तो अभिभावक और शिक्षकों को उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। अभिभावकों में अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चे की कलैक्शन की आदत को पैशन बनाने में उसे प्रोत्साहन दें। वे अपने बच्चे का परिचय ऐसी विभिन्न सोसायटियों से करा सकते हैं, जहां पर पुराने और बड़े संकलनकर्ता दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग और सैमीनार आयोजित करते हैं। ये सोसायटियां किसी संकलनकर्ता के संकलन की जानकारी को लोगों से सांझा करने और उनके संकलन को विस्तृत बनाने के लिए जानकारियां देने में मददगार होती हैं।

विशिष्ट कलैक्टरों की जमात में शामिल होने के लिए संकलनकर्ता को अपने संकलन के विषय की गहन जानकारी होनी चाहिए। उसके लिए अपने विषय के अन्य संकलनकर्ताओं और उनके संकलन के स्तर के बारे में जानना भी बेहद जरूरी है, सो इसके लिए आप प्रदर्शनियों में जाएं तथा नैट पर सर्च करती रहें।

**उपलब्धता भी रखती है मायने**

आप जिस चीज का संकलन करने जा रहे हैं, उसकी उपलब्धता का स्तर जानना बेहद महत्वपूर्ण है। यह भी समझें कि विशिष्ट संकलनकर्ताओं के पास संजोई गई चीजें आसानी से नहीं मिलतीं।

**डीलर की पहचान जरूरी**

स्टांप, स्कल्पचर और सिक्के बेचने वाले डीलरों से कोई चीज खरीदने से पहले आप अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें कि वास्तव में वह वस्तु अपने दाम के अनुरूप है या नहीं। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय प्रत्येक आइटम का गहनता से परीक्षण करना होगा। इसकी भी जांच कर लें कि वह चीज अच्छी स्थिति में हो और किसी अधिकृत संस्था द्वारा प्रमाणित हो। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे हैं, क्योंकि बहुत सी नई चीजों को पुराना रूप देकर एंटीक बता दिया जाता है।

**संग्रहणीय वस्तुओं की सुरक्षा**

एक संकलनकर्ता को अपनी संग्रहणीय वस्तुओं की गुणवत्ता के साथ किसी हाल में समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने संग्रहण की स्थिति की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। ऐसी चीजों को इकट्ठा करने से बचना चाहिए, जो सही स्थिति में न हों, हालांकि पुराने इस्तेमाल हो चुके स्टांप इसके अपवाद हो सकते हैं। संकलनकर्ता आम तौर पर अपनी कलैक्शन को लेकर बेहद पोजैसिव होता है। अपनी कलैक्शन को लोगों के हाथ में देकर दिखाने की अपेक्षा दूर से दिखाना बेहतर तरीका है। सिक्कों के संग्रहणकर्ताओं को अपने सिक्के साफ पानी से धोने चाहिएं। ऐसे रसायनों से बचना चाहिए जिनसे सिक्कों की वास्तविक चमक कम हो जाती हो।

संकलनकर्ताओं को अपने संकलनको दुर्लभ, अति दुर्लभ जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत कर उनका कैटालॉग बनवा कर उनके विषय में लोगों को जानकारी देनी चाहिए।

**संकलन का बाजार**

संकलनकर्ताओं को देखना चाहिए कि उनके संकलन के लिए आसान खरीद और बिक्री का बाजार हो। संकलित वस्तुओं को किसी मान्यता प्राप्त अथॉरिटी से प्रमाणपत्र मिला होना चाहिए। संग्राहक के पास अपने संकलन को बेहतर स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए।

**पैशन को दें दिशा**

अपने पैशन को यूं ही मत जाने दें। आपका यह पैशन आपको किसी बड़े निवेश की ओर ले जा सकता है। अगर आपको सिक्के इकट्ठे करने का शौक है तो आप सिक्कों का एक बड़ा कलैक्शन कर इन्हें बेच कर अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं अर्थात आपकी हॉबी भी पूरी होगी और पैसा कमाने की चाहत भी। पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप तथा दुनिया के तमाम देशों की करंसी इकट्ठा करने की आपकी हॉबी आपको धनवान बना सकती है।


# आफिस और आपका व्यवहार

ऑफिस में कभी काम को कल पर टाल कर, तो कभी काम ज्यादा होने पर छुट्टी ले लेना जैसी आदतें पुरुषों में ही नहीं, बल्कि महिला कर्मचारियों में भी पाई जाती हैं। उन्हें तो शायद यह महसूस भी नहीं होता कि उनकी यह आदत धीरे-धीरे उनकी ही परफार्मैंस पर भारी पड़ते हुए उन्हें बॉस की नजरों में गैर-जिम्मेदार ठहराती जा रही है।

महिलाएं अक्सर दूसरों के सामने यह राग अलापती हैं कि वे तो मजे की नौकरी कर रही हैं। ऐसी बातें जब बॉस के कानों में पहुंचती हैं, तो वह निल-परफार्मैंस के साथ सहज ही आपकी तुलना कर लेता है। यही कारण है कि जब प्रमोशन की बात आती है तो कई बार आपके जूनियर बाजी मार जाते हैं। ऐसी कई गलतियां हैं, जिनकी आदी हो चुकीं महिला कर्मचारी इन्हें अपनी आदत बना लेती हैं। यदि आप में भी कोई ऐसा अवगुण है तो उसे समय रहते ही सुधार लेना आवश्यक है।

## अपनी गलती दूसरों के सिर न मढ़ें

अपनी गलती को छिपाने वाले तथा बॉस की नजरों में अच्छी इमेज साबित करने वाले लोग हर जगह होते हैं। ऐसे लोग अपनी गलती दूसरे के सिर मढ़ कर बच निकलना चाहते हैं, परंतु अपनी इस आदत के कारण दूसरों की परेशानी की वजह बन जाते हैं। यदि आप में भी यह आदत है तो इसे सुधार लेना ही बेहतर है। हो सकता है कि आरंभ में अपनी गलती मानते हुए आपको शर्मिंदगी महसूस हो, लेकिन यकीन मानें कि उसे छिपाने में आपको कहीं ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अपने किसी कुलीग के सिर गलती मढने़ की कोशिश हर बार कामयाब नहीं हो सकती और गलती साबित हो जाने पर वह स्थिति अधिक कष्टदायक हो सकती है।



## रोज की बहानेबाजी तौबा-तौबा

कई बार आप सुबह उठती हैं और काम पर जाने का मन नहीं हो रहा या बच्चों ने घूमने की फरमाइश कर दी तो तुरंत फोन कर बॉस से पेट दर्द, सिरदर्द या किसी और बीमारी का बहाना बना कर आप लीव ले लेती हैं। छुट्टी लेना तो आपका अधिकार है और उस समय आप अभिनय में कलाकारों को भी मात दे देती हैं। कुछ दिन की छुट्टी चाहिए तो मैडीकल सर्टीफिकेट देकर लंबी छुट्टी ले ली परंतु ऐसी बहानेबाजी आपके दूसरे कुलीग्स का वर्क प्रैशर बढ़ा देती है। कभी यह सोचा है कि आपकी इस आदत के चलते आप अपने सहयोगियों का ही नहीं, बल्कि अपने बॉस का भी विश्वास खोने लगती हैं, क्योंकि वह आपको जिम्मेदारी का काम या ओहदा देने से कतराने लगते हैं।

## व्यवहार हो संतुलित

किसी ने आपके काम पर उंगली उठाई या फिर आपको क्रिटीसाइज किया तो आप अपने गुस्से पर काबू नहीं रख पातीं और गुस्से में लाल-पीली होकर सामने वाले पर बरस उठती हैं या फिर आप सामने वाले की कही गलत बातों को भी चुपचाप सुन स्वयं में ही सिमटे हुए वहां से उठ कर चल देती हैं। प्रोफैशनल नजरिए से देखा जाए तो दोनों तरह के व्यवहार सही नहीं हैं, क्योंकि तुरंत रिएक्ट करने से आप सबकी नजरों में एग्रैसिव साबित होते हैं तो चुपचाप हर किसी की नाराजगी झेलने से आप सॉफ्ट टार्गैट बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि व्यवहार को संतुलित रखें क्योंकि दोनों ही स्थितियों में आप अपना सही पक्ष नहीं रख सकतीं। इसलिए बेहतर है कि भीतर का आक्रोश थम जाने पर ही सामने वाले से बात करें। इससे आप जहां सही ढंग से अपना पक्ष रख सकेंगी, वहीं आपकी एनर्जी बेकार की बातों में वेस्ट नहीं होगी और काम पर भी उसका नैगेटिव असर नहीं पड़ेगा।

## पर्सनल काम करें अवॉयड

ऑफिस के फोन से पर्सनल कॉल करना, ई-मेल पर चैट करना, प्रिंट पर पर्सनल डॉक्यूमैंट्स के प्रिंट लेना या फिर घरेलू कामों को निपटाना जैसे काम एक दिन बॉस के नोटिस में आ ही जाते हैं। ये सब आपकी कार्यक्षमता पर सवालिया निशान भी लगाते हैं। इसलिए बेहतर है कि इस प्रकार के पर्सनल कामों को अवॉयड किया जाए।

## शालीन पहनावा

जब बात ऑफिस में प्रोफैशनल बिहेवियर की चल रही हो तो सही ड्रैसिंग भी उसी में आती है। यदि ऑफिस में कोई ड्रैस कोड नहीं है तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए ऑफिस में हमेशा ग्रेसफुल पोशाक ही पहनें, क्योंकि इसी से आपके सहयोगी आपके बारे में अपनी राय कायम करते हैं।



# सलमान नहीं होंगे ओटीटी बिग बॉस 3 के होस्ट

सलमान खान इन दिनों हर न्यूज की हैडलाइन बने हुए हैं, जिसकी वजह है उनके घर के बाहर हुई फायरिंग और इससे जुड़ी अपडेट को लेकर वह लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। तो वहीं दूसरी ओर बिग बॉस ओटीटी 3 को लेकर भी सल्लू मियां सुर्खियों में बने हुए हैं। दबंग खान के फैंस को इस बार निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि हो सकता है कि इस बार बिग बॉस ओटीटी 3 को सलमान खान होस्ट नहीं कर पाए। टीवी का सबसे कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस के अब तक के सभी सीजन सुपर हिट रहे हैं। टेलीविजन के साथ ही ओटीटी की दुनिया में भी इस शो ने अपना जलवा बरकरार रखा है। बिग बॉस ओटीटी 2 की सफलता के बाद मेकर्स बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कंटेस्टेंट्स की तलाश में हैं। इसी बीच इस शो के होस्ट को लेकर एक अपडेट सामने आई है।

### कौन संभालेगा सलमान की गद्दी

मीडिया रिपोट्स की माने तो इस बार यह शो सलमान खान होस्ट नहीं कर पाएंगे। इसलिए उनकी जगह कुछ नए नाम सामने आए हैं, जो बिग बॉस ओटीटी 3 सीजन को होस्ट कर सकते हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 कई वजहों से लाइमलाइट में रहा। एल्विश यादव की वाइल्ड कार्ड एंट्री ने शो की टीआरपी बढ़ाई, तो अभिषेक और मनीषा की दोस्ती ने लोगों को खूब एंटरटेन किया। अब मेकर्स बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कंटेस्टेंट्स के साथ इसके नए होस्ट की भी तलाश कर रहे हैं।

### बिग बॉस ओटीटी 3 के दावेदार

बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कुछ नाम सामने आए हैं। लेकिन इस पर मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं आई है। कंटेस्टेंट्स के नाम के बीच अब बिग बॉस ओटीटी 2 के तीन फेमस कंटेस्टेंट्स का नाम सामने आया है, जो सलमान खान की गद्दी को संभाल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एल्विश यादव, मनीषा रानी और अभिषेक मल्हान बन सकते हैं बिग बॉस ओटीटी 3 में नए मेंटर। लेकिन फैंस इस बात से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं कि सलमान खान की जगह कोई दूसरा होस्ट आए।



# नाएला ने वेब सीरीज मामला लीगल है में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया


अभिनेत्री नाएला ग्रेवाल ने अपनी वेब सीरीज मामला लीगल है से खूब सुर्खियां बटोरी हैं। इस सीरीज को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज ने लोगों को जमकर हंसाया था। सभी को यह इतनी पसंद आई कि इसके दूसरे सीजन को लेकर लोग इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। इस वेब सीरीज में नाएला ने रवि किशन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। हाल ही में, नाएला ने उन बड़े कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। नाएला ग्रेवाल ने बताया कि मामला लीगल है में काम करने से उनके भीतर कई बदलाव आए। उनके लिए रवि किशन जैसे कलाकारों के साथ काम करना, किसी अभिनय संस्थान में जाने जैसा था। नाएला ने कहा कि उन्हें सीरीज के सभी कलाकारों से काफी कुछ सीखने को मिला। अभिनय के प्रति उनके दृष्टिकोण पर भी मामला लीगल है के कलाकारों के मार्गदर्शन का गहरा असर पड़ा है।

### वकील की भूमिका मे नजर आई थीं नैला

नाएला ने कहा कि प्रतिभा से भरे कलाकारों के साथ काम करके वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। इस वेब सीरीज में वकील की भूमिका निभाकर उन्हें अपनी कला के बारे में नए पहलुओं को जानने का मौका मिला। बता दें कि नाएला ने इस सीरीज में एक ऐसी वकील का किरदार निभाया है, जो हार्वर्ड से पढ़कर आई हैं और काफी आदर्शवादी हैं। वह हमेशा परेशान और वंचित लोगों की मदद करने को आतुर रहती हैं, लेकिन कोर्ट की खराब व्यवस्था के चलते खुद ही तंग हो जाती हैं।

### जल्द आएगा दूसरा सीजन

मामला लीगल है का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर 1 मार्च, 2024 को रिलीज हुआ था। इसमें नाएला के अलावा रवि किशन, यशपाल शर्मा, बृजेंद्र काला, विवेक मुशरान और तन्वी आजमी ने अहम किरदार निभाया था। इसके दूसरे सीजन का भी एलान हो चुका है। दर्शक एक बार फिर से तगड़े मनोरंजन की उम्मीद लगाकर बैठे हैं।



# थलाइवर 171 में रजनीकांत के साथ अभिनय का दम दिखाएंगे नागार्जुन

साउथ के सफल निर्देशक और निर्माता लोकेश कनगराज इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत के साथ अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक थलाइवर 171 है। इस फिल्म की घोषणा पिछले साल की गई थी। फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने अति रहती हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। इसे पहले फिल्म की शूटिंग पर अपडेट दिया गया था। वहीं, अब फिल्म के कलाकार को लेकर नई जानकारी सामने आई है। थलाइवर 171 निस्संदेह सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जिसे प्रशंसक बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि फिल्म के निर्माताओं ने कोई बड़ा अपडेट नहीं दिया है, लेकिन फिल्म के कलाकारों को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। अब चर्चा है कि तेलुगु सुपरस्टार नागार्जुन को रजनीकांत अभिनीत फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। हालांकि, इस अफवाह के समर्थन में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कुछ तेलुगु रिपोर्ट्स का दावा है कि अभिनेता वास्तव में आगामी लोकेश कनगराज परियोजना का हिस्सा हैं और जल्द ही एक आधिकारिक अपडेट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलाइवर 171 की टीम इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए नागार्जुन के साथ बातचीत कर रही है। चर्चा में यह भी कहा गया है कि लोकेश कनगराज पहले ही परियोजना के संबंध में नागार्जुन के साथ चर्चा कर चुके हैं। हालांकि, अब इस पर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

# कैमरे के सामने लौटने की इमरान की कोशिशों को झटका, बंद हुई अब्बास टायरवाला की सीरीज



आमिर खान के भांजे इमरान खान की कैमरे के सामने वापसी की कोशिशों को करारा झटका लगा है। बीते एक साल से इमरान खान अपनी इस वेब सीरीज को लेकर मीडिया में हाइप बनाते रहे हैं लेकिन, ऐन मौके पर इस सीरीज को रद्द कर दिया गया है। अब इमरान खान के पास फिलहाल कोई प्रोजेक्ट नहीं है और वह खुद मानते हैं कि उनकी वापसी में अब काफी वक्त लग सकता है।

निर्देशक अब्बास टायरवाला ने बीते साल इमरान खान को लेकर एक जासूसी सीरीज की योजना बनाई थी। एक नामचीन ओटीटी ने इसके लिए ग्रीन सिगनल भी दे दिया लेकिन इस साल की शुरुआत से ही इस सीरीज को लेकर नए सिरे से बातें शुरू हुईं। ओटीटी को लगा कि जिस तरह की भारतीय जासूसी सीरीज वे बनाना चाह रहे हैं, वैसा असर इमरान खान की सीरीज में दिख नहीं रहा। सीरीज का बजट भी इस योजना में अड़ंगा बना और आखिरकार ओटीटी ने इस सीरीज को रद्द करने का फैसला ले लिया है। इमरान खान इस सीरीज के रद्द होने से मायूस तो हैं लेकिन उनका मानना यही है कि जो होता है अच्छे के लिए ही होता है। सीरीज को लेकर उनके सुर भी अब बदल गए हैं। इमरान कहते हैं, 'हिंसक कहानियां मुझे वैसे भी पसंद नहीं रही हैं। हर विवाद का हल बंदूक नहीं हो सकती। बहुत ज्यादा हिंसा वाली कहानियां समाज के लिए भी अच्छी नहीं है। अगर हिंसक कृत्यों की परिणीति स्वाभाविक व प्राकृतिक न्याय के साथ नहीं होती है, तो ऐसी कहानियां कहना ठीक नहीं है।' अब, इमरान खान के पास फिलहाल कोई फिल्म या सीरीज नहीं है। अब सीरीज के बंद हो जाने के बाद इमरान खान की कैमरे के सामने वापसी फिर अधर में लटक गई है।



# पहाड़ों में बसना चाहती हैं श्रद्धा कपूर !

श्रद्धा कपूर इन दिनों वादियों में घूमने का आनंद ले रही हैं। श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने अपनी नई तस्वीरें साझा की हैं। इस तस्वीरों में श्रद्धा का पहाड़ों के लिए प्यार दिखाई दे रहा है। अभिनेत्री ने तस्वीरें साझा कर लिखा, किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापिस ले जाए? हालांकि एक्ट्रेस ने ये नहीं बताया है कि वे कहां घूम रही हैं।

# फिल्म के लिए मानुषी बनीं नॉन वेजिटेरियन

बॉलीवुड स्टार्स फिल्मों में अपने किरदारों के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ-साथ अपनी आदतों को भी बदलने से परहेज नहीं करते। इस लिस्ट में मानुषी छिल्लर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए मानुषी वेजिटेरियन से नॉन-वेजिटेरियन बन गईं। मानुषी को ऐसा क्यों करना पड़ा, इसका कारण उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है। इंटरव्यू में मानुषी ने कहा, मैं ताउम्र अपनी लाइफ में वेजिटेरियन रही। मैंने हमेशा से ये सोचा था कि मैं कभी नॉन वेज नहीं खाऊंगी लेकिन तभी मैंने बड़े मियां छोटे मियां साइन की। फिर मुझे कोविड को गया। मैं बहुत डर गई क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वेट कम हो क्योंकि मुझे बड़े मियां छोटे मियां के लिए मसल्स बिल्ड करने थे। मानुषी ने आगे कहा, तब मेरे पिता जो कि एक डॉक्टर हैं, उन्होंने मुझे मीट खाने की सलाह दी। पापा इस दौरान मेरी डाइट का बहुत ध्यान रखते थे। मैं उनसे हमेशा कहती थी कि प्लीज कुछ ऐसा बना दीजिए जो चिकन जैसा न लगे। वो डाइनिंग टेबल के पास बैठ जाते थे और मुझसे जबरदस्ती मेरा खाना फिनिश करवाते थे। मानुषी बोलीं, बड़े मियां छोटे मियां की ज्यादातर शूटिंग जॉर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन में हुई है और स्कॉटलैंड में ज्यादा वेज ऑप्शन नहीं मिलते थे और मीट ही मेरे लिए प्रोटीन का सबसे आसान सोर्स हुआ करता था।





# एक्टर आयुष शर्मा ने सलमान खान को लेकर दिया बयान

## कहा - बनाएंगे अपनी अलग पहचान

**आयुष शर्मा की शादी सलमान खान की बहन अर्पिता से हुई है। सलमान ने अपने बहनोई आयुष को साल 2018 में फिल्म लवयात्री से लॉन्च किया था। इसके बाद फिल्म अंतिम में भी सलमान खान एक्टर आयुष का साथ देते नजर आए थे। ऐसे में लगातार यह कहा जाता रहा है कि उन्हें सलमान का संरक्षण प्राप्त है, इस वजह से उन्हें आसानी से काम मिल जाता है। अब हाल ही में आयुष ने सलमान से जुड़े टैग पर खुलकर बात की है।**

बॉलीवुड मे दबंग खान के नाम से मशहूर अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा अपनी अगली फिल्म के प्रमोशन मे व्यस्त हैं। वह लगातार खुद को इंडस्ट्री मे बतौर अभिनेता स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। आयुष इस वक्त अपनी आगामी फिल्म रुसलान को प्रमोट कर रहे हैं। यह पहला मौका है, जब अभिनेता ने अपनी फैमिली के प्रोडक्शन से बाहर की फिल्म की हैं। इससे पहले उनकी दोनों फिल्में फैमिली के प्रोडक्शन में ही बनी थीं। आयुष रुसलान से खुद को एक अभिनेता के तौर पर स्थापित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इंडस्ट्री में पांव जमाने को लेकर इस फिल्म की सफलता उनके लिए काफी जरूरी है। अब तक रिलीज हुई दोनों फिल्मों में उन्हें सलमान का साथ मिला था। सलमान की बहन अर्पिता से शादी के बंधन में बंधने के बाद साल 2018 में फिल्म लवयात्री से दबंग खान ने उन्हें लॉन्च किया था। इसके बाद फिल्म अंतिम में भी सलमान ने आयुष का साथ दिया था। ऐसे में लगातार यह कहा जाता रहा है कि उन्हें सलमान का संरक्षण प्राप्त है। उनके ऊपर दबंग खान का हाथ होने से उन्हें इंडस्ट्री मे काम आसानी से मिल गया। इस मसले पर आयुष ने प्रतिक्रिया दी है।

### सलमान का टैग जुड़े होने पर बोले आयुष

अभिनेता आयुष शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रुसलानके प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान उनसे बतौर अभिनेता सलमान का टैग लगे होने को लेकर सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होनें कहा ,मैं किसी के विचारों से नहीं लड़ रहा, मेरे काम से ही लोगों की राय बदली जा सकती है। इसके अलावा मेरे बारे में कही जा रही किसी भी बात से मैं इनकार नही करता। सलमान ने मुझे लॉन्च किया, संरक्षण दिया उसके लिए मैं उनका आभारी हूं, लेकिन अब मैं इससे बाहर आ रहा हू और मैं अपनी एक अलग पहचान बनाऊंगा।

### अंतिम से मिली पहचान

आयुष ने आगे कहा, मेरा काम मेरे लिए बोलेगा, मैं पीछे मुड़कर ये नहीं कहूंगा कि लोगों ने मेरे बारे में ऐसी राय बनाई, अब मैं इसे स्वीकार करता हूं। मेरा काम है मेहनत करना और खुद को साबित करना। अपने बारे में लोगों की राय को बदलने का एकमात्र तरीका यही है कि मैं बेहतर काम करके दिखाऊं। अंतिम फिल्म से पहले लोगों की मुझमे कोई दिलचस्पी नही थी, लेकिन अंतिम के बाद मुझे थोड़ी पहचान मिली। मैं समझता हूं आपका काम ही आपके लिए बोलता है। बात करें फिल्म रुसलान की तो इसमें आयुष एक अलग अवतार मे नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनका हार्ड कोर एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। आयुष शर्मा के साथ इस फिल्म में दक्षिण सिनेमा के मशहूर अभिनेता जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा, विद्या मालवडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आंएगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रामदेवबाबा सॉल्वेंट की बाजार में धमाकेदार एंट्री, 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन 115 रुपये के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। कंपनी के शेयर 31 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 112 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। यानी, लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हर शेयर पर 27 रुपये का फायदा हो गया है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अप्रैल को खुला था और यह 18 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा। लिस्टिंग के ठीक बाद रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 117.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। कंपनी रिफाइंड राइस ब्रैन ऑयल का प्रॉडक्शन और डिस्ट्रिब्यूशन करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट फिलहाल मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैरिको लिमिटेड और एम्पायर स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को राइस ब्रैन ऑयल सेल करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने खुद के ब्रांड तुलसी और सेहत के तहत राइस ब्रैन ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ पर टोटल 126.21 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 79.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 314.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 65.95 गुना दांव लगा था। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 1.36 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 50.27 करोड़ रुपये तक का था। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्मॉल प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 81.01 पर्सेंट थी।

### देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक, सवाल उठे तो हरकत में सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है। इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाये जाने की बात कही गयी है। भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक ए बी रेमा श्री ने पीटीआई से कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

# अरसे बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयर ने भरी उड़ान

## 5 साल में दे चुका है 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टीटीएमएल के शेयर लंबे अरसे बाद आज उफान पर हैं। आज दोपहर 12 बजे के करीब इसके शेयर 14 फीसद की उछाल के साथ 89.75 रुपये पर पहुंच गए। यह वही स्टॉक है, जो 27 मार्च 2020 को 1.85 रुपये का था और 11 जनवरी 2022 को यह अपने ऑल टाइम हाई 291 रुपये पर पहुंच गया था। पिछले एक साल में रतन टाटा द्वारा स्थापित इस कंपनी के शेयर ने 37 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह स्टॉक 12 फीसद से अधिक उछला है। इसका 52 हफ्ते का लो 59.80 रुपये है। 15 सितंबर 2023 को 103 रपुये पर पहुंचने के बाद आज फिर से इसमें तेजी दिख रही है। पांच साल पहले यह शेयर 2.86 रुपये का था। इस स्टॉक में धैर्य रखने वाले निवेशक मालामाल हो गए। इस अवधि में टीटीएमएल ने 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। शुरुआत से अबतक यह 1079 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। छह जुलाई 2001 को यह स्टॉक 7.34 रुपये का था। टीटीएमएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 25 अप्रैल को होनी है। इस बैठक में कंपनी के तिमाही नतीजे का ऐलान किया जएगा। टीटीएमल के शेयर होल्डिंग की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर्स के साथ 74.36 फीसद हिस्सेदारी है।

# एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया।

बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550 प्रतिशत से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है। यह परियोजना विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का एक घटक है जो गुजरात में स्थित है। यह परियोजना राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) नेटवर्क का हिस्सा है और कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट के तहत है। इस परियोजना के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में समाप्त होने की उम्मीद है और इसमें टर्नकी परियोजना विकास के लिए सप्लाई और सर्विस, दोनों शामिल हैं। मार्च तिमाही के दौरान केपी एनर्जी लिमिटेड के नेट प्रॉफिट में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक साल पहले की अवधि में 15.48 करोड़ था जो 24.89 करोड़ रुपये है। इसका राजस्व 148.44 करोड़ रुपये के मुकाबले 39.6 प्रतिशत बढ़कर 207.26 करोड़ रुपये हो गया। केपी एनर्जी की मुख्य कारोबारी गतिविधियों में विंड फार्मों का निर्माण, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट और संबंधित सर्विसेज का निर्माण, विंड एनर्जी उत्पादक संपत्तियों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन और विंड एनर्जी परियोजनाओं का ऑपरेशन या मेंटेनेंस शामिल हैं।

# पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9 प्रतिशत दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने एफवाय24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा।

इसके अलावा एफवाय24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का एफवाय23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है। कंपनी ने ये भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक कोई एडवांड कर्ज भुगतान नहीं है। मार्च 2024 तक कंपनी के पास ऑर्डर 8084 करोड़ था, जबकि मार्च 2023 तक यह 4913 करोड़ था। बता दें कि स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी एंड-टू-एंड सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समाधानों का एक लीडिंग सर्विस प्रोवाइडर है।

# मंगलम वर्ल्डवाइड के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के कर बाद लाभ में 75 प्रतिशत का उछाल


**मुंबई, एजेंसी।** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड (एमडब्ल्यू) (इमर्जी एमडब्ल्यू) पूर्णत3 समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनीने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन, श्री विपिन प्रकाश मंगल ने कहा, 27 प्रतिशत आय ग्रोथ पर 30 प्रतिशत शुद्ध लाभ ग्रोथ हासिल करना प्रभावशाली होने के साथ हमारी व्यूहनीतियों की प्रभावकारिता के बारे में हमारे वॉल्यूम बताते हैं. जोरदार मांग और लागत कम करने के प्रयासों ने हमारी लाभ मार्जिन सुधारने में योगदान दिया है और हम आगे चलकर जोरदार मांग के प्रति प्रतिबद्ध हैं. हम आक्रामक रूप से मेलों और प्रदर्शनियों के मार्फत हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को प्रदर्शित कर रहे हैं, जो नए ग्राहकों को आकर्षित करने और हमारी बाजार उपस्थिति बढ़ाने के प्रति जोरदार प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते है.

# सरकारी बैंकों के पास एलओसी जारी करने का पावर नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिए गए अपने एक फैसले में कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास केंद्र सरकार के ऑफिस मेमोरेंडा के तहत भारतीयों और विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति नहीं है। एलओसी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जीएस पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार ने यह घोषणा की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हालांकि केंद्र सरकार का कार्यालय ज्ञापन अपने आप में असंवैधानिक नहीं है, लेकिन बैंक मैनेजरों को एलओसी जारी करने का अधिकार देना मनमाना माना जाता है। विशेष रूप से यह फैसला ट्रिब्यूनल या क्रिमिनल कोर्ट द्वारा जारी किए गए मौजूदा आदेशों को प्रभावित नहीं करता है, जो किसी इंडिविजुअल को विदेश यात्रा से प्रतिबंधित करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इमीग्रेशन ब्यूरो द्वारा प्रशासित एलओसी, अफसरों को इंडीविजुअल्स को भारत छोड़ने से रोकने में सक्षम बनाती है। पहली बार 2010 में जारी किए गए और बाद में संशोधित किए गए इन सर्कुलर्स को लीगल स्क्रूटनी का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि ऐसे सर्कुलर मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि बैंकों के वित्तीय हित राष्ट्र के आर्थिक हितों के बराबर नहीं होने चाहिए। इसके जवाब में गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञापन की वैलिडिटी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने सुरक्षा, संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी व्यापक राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है। मंत्रालय ने एलओसी जारी करने में जांच और संतुलन की उपस्थिति पर जोर दिया और कहा कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है।

# छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत, आज टर्नओवर 2500 करोड़ रुपये से ज्याद




**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं एनरेस्ट मसालों की शुरुआत कैसे हुई थी। कंपनी का फाउंडर कौन है। दरअसल एवरेस्ट मसालों को इस ऊंचाई तक पहुंचाने के पीछे वाडीलाल शाह की कड़ी मेहनत है। कंपनी का टर्नओवर आज करीब 2500 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है। एक छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत आज एक बड़ा ब्रांड बन चुकी है। आईए आपको बताते हैं एवरेस्ट मसालों की पूरी कहानी।

वाडीलाल शाह अपने पिता की मसालों की दुकान पर काम किया करते थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि महिलाएं मसाले खरीदते समय कोई विशेष कॉम्बिनेशन का ध्यान नहीं रखती हैं। यहीं से उन्हें आइडिया आया कि क्यों न एक कम्पलीट मसाला पैक तैयार किया जाए। इसी पर काम करते हुए वाडीलाल शाह ने एवरेस्ट मसाला का एक बड़ा ब्रांड बना दिया। कंपनी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी। भारत के चर्चित एवरेस्ट मसाला ब्रांड के मालिक वाडीलाल शाह थे। वह मूल रूप से गुजरात के जामनगर के रहने वाले थे। जामनगर में लोग उन्हें प्यार से वाडीकाका कहकर बुलाते थे।

**भारत में कौन सा मसाला ब्रांड नंबर वन है :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवरेस्ट मसाला ब्रांड भारत में नंबर वन है। साल 1967 में इस कंपनी की शुरुआत हुई थी।

सब्जियों के व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाने के लिए एवरेस्ट मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। कंपनी अलग-अलग सब्जियों और व्यंजनों के लिए कई तरह के मसाले बनाती है। एवरेस्ट मसालों के में बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान नजर आते हैं।

# सोने की ताबड़तोड़ खरीदारी कर रहा चीन! भारत को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन जमकर सोने की खरीदारी में लगा हुआ है। गोल्ड खरीदने में चीन ने इस साल भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है। बीते समय में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था। हालांकि अब चीन इस मामले में भारत से आगे निकल गया है। भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है। पिछले वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन। चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी बनी हुई है। इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है। चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है। चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 फीसदी बढ़ी है, जबकि भारत में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 फीसदी तक बढ़ गया है। चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने चीनी नव वर्ष के मौके पर खूब सोना खरीदा है। जनवरी-मार्च के दौरान लोगों की सोने की खरीद पिछले साल से 34 फीसदी ज्यादा रही है। चीन दुनिया में सबसे ज्यादा सोने का उत्खनन करता है, लेकिन इसके बाद भी उसे बाहर से भारी पैमाने पर खरीदना पड़ता है।

# भोपाल की स्टार्टअप, सोलर स्क्वैयर कैसे भारत की नं.1 होम सोलर कंपनी बनी




**भोपाल।** बिजली के बढ़ते बिल और मौसम की अत्यधिक चरम परिस्थितियों के कारण कई औसत भारतीय परिवार ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने की ओर प्रेरित हुए हैं। पिछले पाँच सालों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फेज़ 2 सब्सिडी कार्यक्रम की मदद से 6,00,000 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया, जिनमें से लगभग 1,30,000 से 1,50,000 परिवारों ने केवल 2023 में सौर ऊर्जा का उपयोग शुरू किया।

सौर ऊर्जा अपनाने की बढ़ती दर को देखते हुए प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने रीवा, मध्य प्रदेश में 750 मेगावॉट के अल्ट्रा मेगा सौर बिजली पार्क का उद्घाटन किया, जो एशिया की सबसे बड़ी सौर बिजली परियोजना भी है। सौर ऊर्जा की अधिकता वाला देश बनने के भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, साल 2015 में नीरज जैन और निखिल नाहर ने फुल स्टैक रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर एनर्जी का गठन किया, जिसमें 2019-20 में श्रेया मिश्रा भी शामिल हो गयीं। तब से यह सकारात्मक परिवर्तन के इस सफर में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

मध्य प्रदेश से शुरू हुए स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भोपाल की एंटरप्रेन्योर श्रेया मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है। आईआईटी, बॉम्बे की ग्रेजुएट, श्रेया मिश्रा को फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया की सूची में भी स्थान दिया 7 उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सोलर सॉल्यूशंस के विकास की अटल प्रतिबद्धता ने कंपनी को आवासीय सौर बाजार की एक महत्वपूर्ण कंपनी बना दिया। उनके मार्गदर्शन में सोलरस्क्वैयर कई प्रगतियों के साथ अपनी स्थिति मजबूत करते हुए पूरे देश की पसंदीदा कंपनी बन गई। एक कंज़्यूमर बिज़नेस संभालने के अपने पिछले अनुभव के साथ श्रेया ने इस ब्रांड को अपनी महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान की। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और इनोवेटिव भावना का प्रमाण है. जिसने सोलरस्क्वैयर को मध्य प्रदेश और पूरे देश में एक अग्रणी स्टार्टअप के रूप में स्थापित कर दिया।

सोलरस्क्वैयर भारत का एक अग्रणी आवासीय सोलर ब्रांड है। यह 100 से ज्यादा आवासीय सोसायटीज़ में इंस्टॉलेशन कर चुका है और 12,000 से ज्यादा परिवारों को समर्थ बना चुका है। श्रेया मिश्रा ने बताया, ''हमारा सफर आकस्मिक रूप से शुरू हुआ। 8 राज्यों और 16 शहरों में काम करते हुए हमने महसूस किया कि घनी आबादी वाले शहरों, जैसे बैंगलुरू, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में सोलर उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

सोलरस्क्वैयर द्वारा पहले वाणिज्यिक और औद्योगिक सेगमेंटस को सेवाएं दी गई थीं. लेकिन अब यह आवासीय इंस्टॉलेशन पर केंद्रित हो गया है, जिससे इसका 80 प्रतिशत व्यवसाय आता है। इस रणनीतिक केंद्रण ने कंपनी की महत्वपूर्ण वृद्धि कर इसे दोगुने आकार तक पहुँचा दिया। सोलरस्क्वैयर के दृष्टिकोण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और यह बिक्री करने से पहले ग्राहकों को सौर ऊर्जा के फायदों के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सौर ऊर्जा के बारे में फैली गलत धारणाओं के बीच ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त सौर समाधान की पहचान किया जाना बहुत आवश्यक है। एक धारणा यह फैली है कि सोलर रूफटॉप सिस्टम्स के लिए बहुत कम रखरखाव जरूरी होता है, और इसका रखरखाव स्वयं ग्राहक आसानी से कर सकते हैं, इस धारणा की वजह से कई लोगों ने आफ्टर-सेल्स सर्विस की उपलब्धता देखे बिना ही सोलर सिस्टम खरीद लिए। इसलिए इस वास्तविकता का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है कि सोलर प्लांट के रखरखाव के लिए व्यवसायिक विशेषज्ञता का होना बहुत जरूरी होता है, तभी वो अच्छी परफॉर्मेंस दे सकते हैं। इसलिए, सोलर सिस्टम के साथ एक सही आफ्टर-सेल्स सर्विस में निवेश करना भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

# विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण






**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं। इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी।यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गईहै।वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गईहै।



# अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा

## बोले- भारत के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत वीर महान का जलवा अब नहीं दिखेगा।

अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

### रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...।

रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

### पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय

रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं।

### शुद्ध शाकाहारी हैं वीर महान

बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध

## संक्षिप्त समाचार

### टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे नरेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज खिलाड़ी सुनील नरेन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपना रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए है। वह आईसीसी वर्ल्ड कप में उन खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। सुनील नरेन ने 2023 नवंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

#### आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन

नरेन आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेल रहे हैं। इस सीजन उन्होंने ढ्ढक्क में कोलकाता के लिए ओपनिंग करते हुए 7 मैचों में 176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। वहीं उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकोनॉमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

#### वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज से खेलने वाले खिलाड़ियों का करेंगे समर्थन

नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने आगे लिखा- मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है। हालांकि, मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, लेकिन वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।

### युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप में कोचिंग देगा पूर्व भारतीय क्रिकेटर, कई टीमों को दे चुके हैं ट्रेनिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को युगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया जायेगा। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है



और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी।

नवंबर में युगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी। नामीबिया अफ्रीका क्वालीफायर से आईसीसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम थी। एक सूत्र ने कहा, 'अभय शर्मा को युगांडा राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद की पेशकश की गयी है। उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

# यशस्वी के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा



**जयपुर, एजेंसी।** सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली। जायसवाल ने अपनी पारी में 9 चौके और 7 छक्के लगाए। मैच के अंत में जायसवाल ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले आईपीएल के 17वें सीजन में सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। हार्दिक पांड्या ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव किए। जबकि राजस्थान ने कुलदीप सेन की जगह संदीप शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स के साथ अंक तालिक में टॉप पर थी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस (एमआई) 7 में से 3 मैच जीतकर 6 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर थी। हार्दिक पांड्या की टीम के पास इस मुकाबले को जीतकर अंक तालिका में लंबी छलांग लगाने का मौका था। इस सीजन आरआर का उनके होमग्राउंड पर रिकॉर्ड दमदार रहा है। ऐसे में मुंबई के लिए यह राह इतनी आसान नहीं रही। इस सीजन में दूसरी बार दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ी। इससे पहले मुबंई में दोनों टीमों का सामना हुआ था, जहां जीत राजस्थान की हुई थी। हेड टू हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच आईपीएल में कुल 29 मैच खेले गए हैं। 15 में मुंबई और 13 में राजस्थान को जीत मिली है, एक मैच बेनतीजा रहा।

## युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास

# आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

# भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज को लेकर आया पीसीबी प्रमुख का बयान, रखी ये शर्त

**लाहौर , एजेंसी।** हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है। नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के तैयार है।

**विकल्प पर विचार के लिए तैयार-** न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की थी और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट सीरीज खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा, देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य



चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।

**आखिरी बार 2012-13 में खेली थी सीरीज-** भारत और पाकिस्तान की टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय सीरीज खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। राजनीतिक कारणों के चलते लंबे समय से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है। दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भी मैच खेला जाना है। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में हुआ था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

**रोहित ने क्या दिया था बयान?-** हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक पॉडकास्ट के दौरान रोहित से पूछा था कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित रूप से मैच होना टेस्ट क्रिकेट के लिए फायदेमंद रहेगा? इस पर रोहित ने कहा था, मेरा मानना है कि वे अच्छी टीम है।

## पाक वर्सेस न्यूजीलेंड

# शाहीन अफरीदी ने रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से की, सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल

**कराची, एजेंसी।** रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था।पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 3000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे। रिजवान कप्तान बाबर आजम के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के दूसरे बल्लेबाज बने थे। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रिजवान की सराहना की और इस दौरान उनकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी। इस कारण शाहीन खूब ट्रोल हुए और फैंस ने जमकर उनके मजे लिए।

### सबसे तेज पूरे किए थे तीन हजार रन

रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था। बाबर ने 81 पारियों में तीन हजार रन पूरे किए थे, जबकि कोहली ने भी टी20 प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए इतनी ही पारियां ली थी, लेकिन मोहम्मद रिजवान ने इन दोनों को पीछे छोड़ा और सिर्फ 79 पारियों में ऐसा किया था।



### शाहीन ने रिजवान की जमकर की सराहना

शाहीन ने रिजवान की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा, टी20 क्रिकेट के ब्रैडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन मोहम्मद रिजवान के लिए चीयर्स, जिन्होंने टी20 में तीन हजार रन पूरे किए। आपका प्रभाव खेल में दिख रहा है और आपने आलोचना करने वालों का मुंह बंद कर दिया है। ऐसे ही आगे बढ़ते रहो चैंपियन। आप कई लोगों के लिए प्रेरणस्रोत हैं।

### फैंस ने लिए मजे

शाहीन की इस पोस्ट पर फैंस ने खूब मजे लिए और रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से करने पर उन्हें जमकर ट्रोल किया। मालूम हो कि रिजवान और बाबर बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करने में विफल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान का शीर्ष क्रम प्रभावित करने में असफल रहा था। हालांकि गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने वापसी की थी, लेकिन बेन स्टोक्स ने बेहतरीन पारी खेल इंग्लैंड को जीत दिलाई थी।

### शाहीन से हाल ही में छीनी थी कप्तानी

शाहीन को पिछले साल नवंबर में बाबर आजम की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शाहीन को हटाकर दोबारा बाबर आजम को सीमित ओवरों की कमान सौंप दी थी। पाकिस्तान की टीम फिलहाल न्यूजीलैंड के साथ पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेल रही है।

# हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान पठान ने साधा निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए।

इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है।

# रिटायरमेंट: भारत के सबसे सफल स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते



थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में बारिश से आई बाढ़, डूब गया दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब, सड़कों पर चलीं नावें



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगदोंग में ऐसी बारिश हुई है कि बड़ा इलाका तालाब में तब्दील हो गया है। बीते 65 सालों में हुई सबसे ज्यादा बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 लोग लापता हैं। इस बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग की राजधानी गुआंगझू में दिखा है। इसके अलावा पर्ल नदी की तलहटी पर बसे पर्ल रिवर डेल्टा में बड़ा इलाका पानी में डूब गया है। इस बारिश से ऐसी आपदा आई है कि प्रशासन ने करीब सवा लाख लोगों को निकाला गया है। यही नहीं करीब 26 हजार लोगों को शेल्टर होम्स में भेजा गया है। ग्वांगझू में अप्रैल माह में 60.9 सेंटीमीटर बारिश हुई है। 1959 के बाद यह पहला मौका है, जब ग्वांगझू में इतनी भीषण बारिश हुई है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार झाओकिंग शहर में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक मौत शाओगुआन सिटी में हुई है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिली है कि इन लोगों की कैसे मौत हुई है। बीते शनिवार से शुरू हुई बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग प्रांत के इन दो शहरों में ही देखने को मिला है। हालात ऐसे हो गए हैं कि शहर के अंदर सड़कों पर नावें चल रही हैं। बाजारों और रिहायशी इलाकों से लोगों को रबड़ की नावों के जरिए निकाला जा रहा है। पड़ोस के ही जियांग्शी प्रांत में भी बारिश ने खूब कहर ढाया है और वहां से 460 लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। इस बारिश से बड़े पैमाने पर फसलों को भी नुकसान हुआ है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस बारिश से करीब 41 मिलियन युआन है। गुआंगदोंग को दुनिया का फैक्ट्री फ्लोर कहा जाता है। यहां पर बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां हैं, जहां बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है। 6 दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब यहां इतनी बारिश हुई है। इस बारिश के चलते बड़े पैमाने पर आलू और धान के खेतों को नुकसान पहुंचा है। आमतौर पर यहां मई और जून के दौरान बारिश होती है, लेकिन अप्रैल में ही ऐसी बारिश होना चिंता बढ़ाने वाला है। इस बारिश के चलते शहरी इलाकों में ऐसी हालत हुई है कि लोगों के गले तक पानी आ गया। बड़ी संख्या में लोग घरों की छतों पर बैठे पाए गए ताकि पानी में डूबने से बच सकें। फिलहाल बारिश थोड़ी थमी है तो बचाव कार्य शुरू किया गया है।

### मलेशिया में बड़ा हादसा, 2 नेवी हेलीकॉप्टर आपस में टकराए, 10 लोगों की मौत

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया में बड़ा हादसा हुआ है। रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हवा में 2 हेलीकॉप्टर टकरा गए। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। नौसेना की ओर से मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि दुर्घटना के शिकार सभी 10 चालक दल के सदस्य थे, जो आज सुबह 9.32 बजे पश्चिमी राज्य पेराक के लुमुट नौसैनिक अड्डे पर हुई। नौसेना की ओर से कहा गया कि सभी पीड़ितों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और उन्हें पहचान के लिए लुमुट आर्मी बेस अस्पताल भेज दिया गया। इससे पहले, जापानी नौसेना के 2 हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 7 अन्य लोग अभी लापता है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के 8 सदस्य थे। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे। शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवत- आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे। दूसरी ओर, दक्षिण फिलीपीन में हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है।

### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 35 रॉकेट दागे : सेना

**जेरूसलम, एजेंसी।** इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल की ओर लगभग 35 रॉकेट दागे, जबकि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रॉकेटों से सफेद शहर और उत्तरी इज़राइल के अन्य क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में रॉकेट लॉन्चरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। बयान के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में हिजबुल्ला के लड़ाकों पर हमला किया था।

# भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स ने प्रेमिका की पीट-पीटकर हत्या की, हुई 20 साल की जेल की सजा

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स को 20 साल की जेल की सजा मिली है। दरअसल, व्यक्ति को यह सजा अपनी प्रेमिका की गैर इरादतन हत्या के लिए सुनाई गई।

एम कृष्णन खुद शादीशुदा था, लेकिन अपनी प्रेमिका का दूसरे पुरुषों के साथ संबंध रखने की बात हजम नहीं कर पाया। जब उसे यह पता चला तो उसने 40 वर्षीय मल्लिका बेगम रहमानसा अब्दुल रहमान को मुक्का और लात मारी, जिससे उसकी 17 जनवरी, 2019 में मृत्यु हो गई। 40 वर्षीय शख्स ने पिछले सप्ताह हाईकोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। बता दें, उसकी सजा उसकी गिरफ्तारी की तारीख से पहले की है।

न्यायमूर्ति वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने वादा किया था कि 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध के लिए) वह एक सुधरा हुआ व्यक्ति बन जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार करना जारी रखा। सजा सुनाए जाने के दौरान न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि शख्स को गुस्सा करने की बीमारी थी। इसमें शराब ने और इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। न्यायमूर्ति थीन ने कहा कि भले ही अपराध के बाद उसे इस विकार के बारे में पता चला था कि उसे गुस्सा बहुत आता है। यह कहते हुए कि वह महिलाओं के खिलाफ उसके बार-बार घरेलू दुर्व्यवहार को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं, अदालत ने



कृष्णन को 20 साल जेल की सजा सुनाई।

गौरतलब है, गैर इरादतन हत्या के लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास और बेंत से मारने की सजा है, या 20 साल तक की जेल की सजा और जुर्माना या बेंत से मारना है।

**यह है मामला :** साल 2015 की नवंबर में, कृष्णन की पत्नी ने उसे और उसकी प्रेमिका को बेडरूम में शराब पीते हुए पकड़ लिया था। परेशान होकर उसने कृष्णन को खूब खरी खोंटी सुनाई। इस पर शख्स आग बबूला हो गया और उसके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। इतना ही नहीं बाद में व्हिस्की की बोतल भी उठा ली। इस पर पत्नी घबरा गई और उसने माफी मांग ली। बाद में यह मामला पुलिस के बाद गया। हालांकि, यह मामला यही नहीं थमा। इसके बाद कृष्णन का गुस्सा और बढ़ता चला गया। 2017 में अपनी प्रेमिका को किसी छोटी बात पर मारा। एक रिपोर्ट के अनुसार, मल्लिका ने जब कई पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने की बात स्वीकार की, उसके बाद साल 2019 की शुरुआत में दुर्व्यवहार तेज हो गया। दरअसल, जब दोनों साथ में 15 जनवरी, 2019 में अपार्टमेंट में शराब पी रहे थे, तब मल्लिका ने धोखा देने की बात कबूल की। इस पर कृष्णन भड़क गया और उसे जमकर पीटा। महिला ने शख्स से विनती की कि वह उसे न मारे तो उसने उसकी गर्दन पकड़ ली और उसे धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई और उसका सिर अलमारी से टकरा गया।

वह उठी लड़खड़ाते हुए रसोई में पहुंची और एक अलमारी के सामने गिर पड़ी। इस पर कृष्णन ने उसे उठने के लिए कहा और जब वह नहीं उठी तो उसने उसके माथे को दीवार से मार दिया। प्रेमिका की बहन को किया था फोन अगले दिन मल्लिका का अस्पताल में इलाज चला। इस दौरान कृष्णन ने पूरे दिन शराब पी। रात में उसने मल्लिका की बहन से फोन पर बात की और उसके किसी दूसरे आदमी के साथ रिश्ते के बारे में बताया। शख्स का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ उसने मल्लिका को फिर मारा। उसके चेहरे पर थप्पड़ मारा, उसके बाल पकड़े और उसे थप्पड़ मारा और लात मारी। उसे तबतक मारा जब तक वह मर नहीं गई। जब मल्लिका जमीन पर गिई तो कृष्णन ने उसे बिस्तर पर लेटा दिया। बाद में महसूस किया कि वह सांस नहीं ले रही थी।

**कई चोटों के निशान :** इसके बाद उसने लगभग 1ः35 बजे सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स को फोन किया और बाद में पुलिस ने मल्लिका को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम हुआ तो सामने आया कि मौत सिर पर चोट लगने से हुई थी। उसकी खोपड़ी, गर्दन के पीछे, चेहरे और शरीर के आसपास कई चोटों के निशान थे। उनकी कई पसलियां भी टूट गई थीं।

सोमवार को सजा सुनाए जाने के दौरान, उप लोक अभियोजक (डीपीपी) टिमोथियस कोह ने अदालत को बताया कि कृष्णन ने हमले के बाद एक दोस्त से उसे अपने अपार्टमेंट में सोने देने के लिए कहा था। 17 जनवरी, 2019 की दोपहर में कृष्णन ने खुद को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

## गाजा के साथ कश्मीर का भी राग अलापने लगा पाक, पर ईरानी राष्ट्रपति ने दिया बड़ा झटका

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिन के पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे हैं। इस मौके पर सोमवार को पाकिस्तान ने एक बार फिर से इस्लामिक कार्ड खेला। गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान ने इस दौरान एक तरफ ईरान को कश्मीर के मसले पर साथ देने के लिए धन्यवाद दिया तो वहीं उसके साथ अपने रिश्ते को सदियों पुराना बताया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे ईरान से रिश्ते 76 साल पुराने नहीं हैं बल्कि सदियों के हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले ही 1947 में अस्तित्व में आया, लेकिन इस क्षेत्र से ईरान का पुराना नाता रहा है। यही नहीं जब पाकिस्तान बना तो उसे मान्यता देने वालों में ईरान सबसे आगे था।

यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दौरान इब्राहिम रईसी को अपना बिरादरी भाई बताया। रईसी को जान-ए-बारादर संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि आपने ऐसे वक्त में गाजा के लिए आवाज उठाई, जब दुनिया में कोई साथ नहीं दे रहा था। यही नहीं इस दौरान शहबाज शरीफ ने गाजा में मारे गए 35 हजार लोगों को मुसलमानों का शहीद होना करार दिया। इसके अलावा उन्होंने कश्मीर का भी राग अलापा और गाजा से तुलना करते हुए कहा कि वहां भी भारत के अत्याचार की वजह से मुसलमानों का खून गिर रहा है। शहबाज शरीफ ने दुनिया के मुसलमानों से एकता की अपील भी की।

इस तरह पाकिस्तान बाज नहीं आया और ईरान के राष्ट्रपति के दौरे पर कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। हालांकि इस मामले में ईरान ने उसे करारा झटका दिया। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने अपने बयान में गाजा के लिए समर्थन करने पर पाकिस्तान का शुक्रिया अदा किया। इस्लामिक एकता की भी बात कही, लेकिन कश्मीर का नाम तक नहीं लिया। इस तरह पाकिस्तान का एजेंडा ईरानी राष्ट्रपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही खड़े-खड़े ध्वस्त कर दिया। उन्होंने खुलकर इस्लामिक एकता की वकालत की और कहा कि आज मुसलमानों को एकजुट रहने की जरूरत है।

## ईरान को रातों-रात तबाह करना चाहता था इजरायल, फिर नेतन्याहू को आया एक फोन और बदल गया प्लान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान के 13-14 अप्रैल को मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास मिसाइल हमला किया, यह तो कंफर्म हो चुका है। लेकिन, रिपोर्ट से पता चला है कि इजरायल की शुरुआती प्लानिंग यह नहीं थी। इजरायल रातों-रात तेहरान समेत ईरान के बड़े सैन्य ठिकानों को तबाह करना चाहता था, इतने बड़े हमले की योजना थी कि ईरान को व्यापक पैमाने पर नुकसान हो। इजरायली अधिकारियों ने इस बात का खुलासा किया है कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ईरान को तगड़ी चोट देना चाहते थे लेकिन, एक फोन ने उनका इरादा बदल दिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ इजरायल की मूल जवाबी हमले की योजना में तेहरान सहित सैन्य ठिकानों पर व्यापक जवाबी हमला शामिल था। अख़बार ने कहा, इजरायली पीएम नेतन्याहू और बाइडेन ने फोन पर बातचीत में समझा कि इतने व्यापक और नुकसानदेह हमले को नजरअंदाज़ करना ईरान के लिए तब बहुत कठिन होता, जिससे ईरान के जबरदस्त जवाबी हमले की संभावना बढ़ जाती। इसलिए ऐन वक्त पर हमले की प्लानिंग और जगह को बदला गया।

# ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है

**न्यूयॉर्क /तेहरान, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच जंग के आसार लगातार बने हुए हैं। पिछले हफ्ते ईरान के इस्फ़हान प्रांत पर इजरायल ने ही ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इजरायल ने ईरान के उस क्षेत्र को निशाना बनाया, जहां उसका न्यूक्लियर प्लांट और वायु रक्षा प्रणालियां हैं। ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है। तस्वीरों में ईरान के स-300 एयर डिफेंस सिस्टम के क्षतिग्रस्त होने के सबूत मिले हैं। इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजरायल लेने को तैयार है और न ही ईरान मान रहा है कि उस पर हमला हुआ है। दोनों देशों के बीच जंग कथित तौर पर इजरायल ने 1 अप्रैल को तब शुरू किया जब उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हवाई हमला करके उसके टॉप कमांडर समेत 13 की हत्या कर दी। अमेरिकी समाचार एजेंसियों का कहना है कि इजरायल ने हमले किए हैं लेकिन, वह न तो हमले की जिम्मेदारी ले रहा है और न ही हमले से इनकार कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ये विस्फोट ईरान द्वारा इजरायली क्षेत्र में 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन हमले के जवाब में किया गया है। महज दो हफ्ते में इजरायल और ईरान के बीच तनाव इतना गहरा गया है कि जंग कभी भी शुरू होने की आशंका है। न्यूयॉर्क टाइम्स और बीबीसी ने ईरान के उस क्षेत्र की सैटेलाइट तस्वीरों से दावा किया है कि जहां



ड्रोन और मिसाइल छोड़ी गई उसके पास ही ईरान की न्यूक्लियर साइट है। सैटेलाइट में 15 और 19 अप्रैल की दो तस्वीरों का विश्लेषण किया गया है। 15 अप्रैल तो जगह सामान्य है लेकिन, 19 अप्रैल को ईरानी के एक स-300 एंटीएयरक्राफ्ट सिस्टम पर हमला देखा जा सकता है। ईरानी डिफेंस सिस्टम को चकमा दे गए इजरायली मिसाइल बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के जिस जगह पर हमला हुआ है, वहां रडार, विशिष्ट मिसाइल लांचर और अन्य उपकरणों से लैस कई वाहन शामिल हैं। इसी स्थान पर कथित तौर पर ड्रोन और मिसाइलों ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला किया। इससे पता लगता है कि इजरायली हथियार ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने में कामयाब रहे और एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली से लैस क्षेत्र पर सफलतापूर्वक हमला किया। ईरान भी हमला होने की बात नहीं मान रहा न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि ईरान की सेना को 19 अप्रैल को उसके हवाई क्षेत्र में किसी भी ड्रोन, मिसाइल या विमानों का पता नहीं चला है। उनका कहना है कि हम पर कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ था और ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ऐक्टिव भी नहीं हुई थी। बीबीसी के मुताबिक, ईरान की एस-300 रक्षा प्रणाली का रडार इजरायली हमले के बाद क्षतिग्रस्त हो गया है लेकिन, मिसाइल लांचर ठीक हैं। ईरानी सरकार की आलोचक समाचार एजेंसी ईरान इंटरनेशनल का कहना है, ÷सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता लगता है कि सिस्टम का रडार, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को पकड़कर उन्हें नष्ट करता है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में इस्राइल पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप, ब्लिंकन बोले- अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। इस बीच, एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल को आंखें दिखाई हैं। उसने इस्राइल से नागरिकों के नुकसान को कम करने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकार उल्लंघन पर अपनी रिपोर्ट जारी की और गाजा में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को रेखांकित करते हुए इस्राइल पर प्रकाश डाला। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष मानवाधिकारों के लिए परेशान करने वाली चिंताएं पैदा कर रहा है। उन्होंने सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों की निंदा की है, जबकि इस्राइल से अपनी प्रतिक्रिया में नागरिक क्षति को कम करने का आग्रह किया। वार्षिक देश रिपोर्ट में इस्राइल पर 103 पन्नों में बात की गई है।



इसमें एक दर्जन से अधिक प्रकार के मानवाधिकारों के हनन की विश्वसनीय रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें हत्याएं, यातना, मनमानी हिरासत, संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा या सजा और कथित अपराधों के लिए परिवार के सदस्यों की सजा शामिल है।

**मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा :** रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसमें हमास और इस्राइली सरकार दोनों द्वारा गैरकानूनी हत्याओं की विश्वसनीय रिपोर्टों का हवाला दिया गया। ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मानवाधिकारों पर विदेशी देशों के रिकॉर्ड के बारे में आकलन करना जारी रखेगा। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की आवश्यकता है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग अभी भी युद्ध के दौरान गाजा में नागरिक मौतों के बारे में चिंता जता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंच, नागरिक विस्थापन और पत्रकारों की मौत के बारे में भी बार-बार चिंताएं उठाई हैं। बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इस्राइल ने गाजा में जमीन, हवाई, समुद्र समेत सभी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलन मस्क को बताया घमंडी अरबपति, एक्स से सामग्री न हटाने को लेकर भड़के

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने मंगलवार को अरबपति कारोबारी एलन मस्क को घमंडी बता दिया। बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक पादरी के साथ हुई चाकूबाजी की घटना के वीडियो को एक्स से न हटाए जाने को लेकर अल्बानीज मस्क पर भड़क गए।



**क्या है मामलाः** दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक चर्च में कुछ ही दिनों पहले एक चाकूबाजी की घटना हुई थी। यहां एक 16 साल के लड़के ने चर्च के एक पादरी पर इस्लाम की आलोचना का आरोप लगाते हुए उसे चाकू मार दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तौर से वायरल हुआ। बाद में ऑस्ट्रेलिया के दूरसंचार नियामकों ने एक्स से इस वीडियो से जुड़े कुछ पोस्ट्स और कमेंट्स हटाने के लिए कहा। हालांकि, एक्स की तरफ से इस मामले में कार्रवाई न किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दूरसंचार नियामक का आदेश मानने को कहा। बाद में एक्स ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटाने की जगह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में स्थित यूजर्स के लिए हटाया। एक्स का तर्क था कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरी दुनिया में दिखाए जाने वाली सामग्री को लेकर मनमानी नीहं कर सकती। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की मस्क को खरी-खरी इसी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को जिम्मेदार होना चाहिए, लेकिन मस्क इस हिंसा से भरी सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म पर रखने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हम इस घमंडी अरबपति, जो सोचता है कि वह कानून और आम शालीनता से भी ऊपर है, से निपटने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे।÷ गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार की तरफ से इस वीडियो को एक्स से हटाने की मांग के दौरान मस्क ने सरकार की ई-सेफ्टी कमिश्नर पर तंज कसा था। मस्क ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की सेंसरशिप अधिकारी करार दिया था। इतना ही नहीं एलन मस्क ने यहां तक कह दिया था कि एक्स स्वतंत्र अभिव्यक्ति और सच के साथ खड़ा है।

# गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन, विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की बाढ़

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।

**गाजा युद्ध को लेकर बाइडन पर बढ़ा दबाव :** अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं। येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं। ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है। एक अन्य मीडिया





रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों ने 15 के करीब तंबू गाड़ दिए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

**व्हाइट हाउस ने की निंदा**

एक वीडियो में तो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक भारतीय मूल की छात्रा प्रदर्शन करते दिख रही है और वह आजादी, ले के रहेंगे आजादी जैसे नारे लगा रही है। कुछ साल पहले भारतीय विश्वविद्यालयों में भी ऐसे ही नारे सुनाई दिए थे। व्हाइट हाउस ने विश्वविद्यालयों में चल रहे इन विरोध प्रदर्शनों पर नाराजगी जताई। राष्ट्रपति जो बाइडन से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यहूदियों के खिलाफ हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं उन लोगों की भी निंदा करता हूं, जो ये नहीं समझते कि फलस्तीन में क्या हो रहा है। अमेरिका के दो सांसदों टॉम कॉटन और जोश हॉले ने भी विश्वविद्यालयों में हो रहे प्रदर्शनों की निंदा की और राष्ट्रपति से मांग की कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अलावा बॉस्टन यूनिवर्सिटी, हावर्ड यूनिवर्सिटी और मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भी विरोध प्रदर्शन जारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 अप्रैल को सबसे ज्यादा वोटिंग वाले बूथ को दूंगा 2 लाख का इनाम, मतदान से पहले बीजेपी नेता का ऐलान



**त्रिपुरा/खोवाई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। तमाम दल आस लगाए हुए हैं कि पहले चरण के मुकाबले आगामी शुक्रवार को बड़ी संख्या में वोट डाले जाएंगे। इस बीच त्रिपुरा में मंत्री और बीजेपी के बड़े नेता ने ऐलान किया है कि जिस किसी बूथ में सबसे ज्यादा वोटिंग होगी, उसे वह दो लाख रुपए इनाम देंगे। पूर्वी त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान से कुछ दिन पहले, त्रिपुरा के संसदीय कार्य मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रतन लाल नाथ ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान में प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट पाने वाले खोवाई विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। खोवाई विधानसभा क्षेत्र एसटी–आरक्षित पूर्वी त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। खोवाई जिले में एक बूथ बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा, फ्रखोवाई विधानसभा में आने वाले 52 में से जिस किसी भी बूथ पर प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट मिलेंगे, मैं व्यक्तिगत रूप से उस बूथ को इनाम के रूप में 2 लाख रुपये दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा और 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में उनकी जमानत जब्त होने की पूरी संभावना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष 19 अप्रैल को पश्चिम त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा के पहले चरण के मतदान के दौरान पोलिंग एजेंट भी उपलब्ध नहीं करा सका और बड़े पैमाने पर बूथ धांधली के बारे में गलत सूचना फैलाई गई।

### बर्थडे पर केक खाने से हुई लड़की मौत? जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा



**पटियाला, एजेंसी।** पंजाब के पटियाला में केक खाने से 10 वर्षीय लड़की की मौत मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सैंपल की जांच रिपोर्ट से पता चला है कि केक में सिंथेटिक स्वीटनर की मात्रा काफी अधिक थी। हालांकि, मौके से बरामद केक के सैंपल की रिपोर्ट अभी एफएसएल लैब भेजी जाएगी। बीते 24 मार्च को इस लड़की का जन्मदिन था। इस मौके पर पटियाला की एक बेकरी से ऑनलाइन ऑर्डर करके चॉकलेट केक मंगाया गया था। इसे खाने के बाद उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय जिंदल ने बताया कि केक का सैंपल टेस्ट के लिए एकत्र किया गया था। रिपोर्ट से पता चला कि इसे पकाने के लिए उच्च मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया गया जो कि मीठा स्वाद वाला सिंथेटिक कंपाउंड है। आमतौर पर भोजन और पेय पदार्थों में थोड़ी मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से बढ़ा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि बेकरी के खिलाफ जल्द ही ऐक्शन लिया जाएगा। साथ ही उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। बेकरी मालिक के खिलाफ पहले ही स्न्नक्र दर्ज हो चुकी है। बता दें कि बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें मानवी अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले केक काटते और परिवार के साथ जश्न मनाते नजर आई। मगर, केक खाने के कुछ घंटों बाद उसकी छोटी बहन सहित उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। मानवी के दादा ने कहा कि लड़कियों को उल्टियां होने लगीं। मानवी ने भी शिकायत की कि उसका मुंह सूख रहा है और काफी प्यास लग रही है। इसके कुछ देर बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई। परिवार के लोग जब मानवी को अस्पताल ले गए तो उसे ऑक्सीजन पर रखा गया। मगर, उसे बचाया नहीं जा सका।

### हिमालय की हवा में भी सांस लेना मुश्किल, प्रदूषण पर शोध में चौंकाने वाले खुलासे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ते वाहनों के कारण हिमालय की हवा प्रदूषित हो चुकी है। ताजा शोध में सामने आया है कि हवा में 80 फीसदी कार्बन का हिस्सा जीवाश्म ईंधन यानी पेट्रोल–डीजल के धुंए से फैल रहा है। पर्यटकों का बड़े पैमाने पर आवागमन इसका प्रमुख कारण है। 20 फीसदी हिस्सा सेकेंड्री सोर्स यानी बायोमास के जलने का है। आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के शोधकर्ताओं और दिल्ली विश्वविद्यालय ने चार साल तक हिमालय के जटिल और प्राचीन भूभाग पर कार्बन युक्त एरोसोल का अध्ययन किया है। जिसमें पता चला कि हिमालय में वायु प्रदूषण पर जीवाश्म ईंधन के जलने का असर पूरे साल पड़ रहा है। शोध का नेतृत्व डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। जिसमें हिमालय की हवा में उपस्थित हर तरह के कार्बन की विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर ऑप्टिकल अवशोषण में जांच की गई। शोध में सामने आया कि हिमालय में गाड़ियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। इससे हवा में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी बहुत अधिक बढ़ गई है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार यह अध्ययन हिमालय के स्वास्थ्य और जलवायु में आ रहे बदलावों को समझने में मदद करेगा। अध्ययन के परिणामों से आगे की रणनीति बनाई जा सकेगी। शोध के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल में बीते दस सालों में वाहनों की आवाजाही 200 गुना से अधिक बढ़ गई है। ऑल वेदर रोड बन रही है।

# केरल में भाजपा केवल बैंक खाता खोल सकती है, चुनाव में जीत भूल जाइए- शशि थरूर



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा का केवल एक ही खाता खुल सकता है, वह है- बैंक में खाता। लोकसभा चुनाव में एक भी सीट पर जीत का सपना भूल जाइए। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने थरूर के खिलाफ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को मैदान में उतारा है। थरूर ने जोर देकर कहा कि भाजपा केरल में अपने चुनावी मिशन में सफल नहीं होगी। बता दें कि इस सीट पर सीपीआई-एम ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। जिसे लेकर अभिनेता प्रकाश राज ने वापंथियों पर हमला बोला था। दावा किया था कि सीपीआई भाजपा के जाल में फंस गई। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

तिरुवंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर ने कहा, ÷केरल में भाजपा की सांप्रदायिक कट्टरता पहले ही चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो केरल में चुनावों के दौरान 12त्न से 13त्न वोटों पर रुक रही है। केवल 2014 में ही उनके वोटों में कुछ वृद्धि देखी गई थी जब मोदी विकास की बातें करते थे। अब जब मोदी और भाजपा ने इस चुनाव अभियान में सांप्रदायिकता को दोगुना कर दिया है, तो उन्हें केरल के लोगों द्वारा खारिज कर दिया जाना तय है। थरूर ने कहा, ÷काफी समय से, पीएम मोदी केरल और तमिलनाडु में जीत के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं, ताकि भाजपा अपना चुनावी खाता खोल सके। लेकिन सांप्रदायिकता भाजपा का राजनीतिक डीएनए है और इसे केरल के लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। थरूर ने भाजपा के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने सांसद के रूप में 15 वर्षों के दौरान क्षेत्र में विकास की अनदेखी की है। थरूर ने अपने द्वारा निकाली गई 60 पृष्ठों की एक पुस्तिका का हवाला दिया, जिसमें एक सांसद के रूप में किए गए विकास और कल्याण कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने दावा किया कि कोविड-19 के दौरान, चक्रवात प्रभावित मछुआरों के लिए और बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर भी उन्होंने राज्य के लिए तमाम विकास कार्य किए हैं।

## चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी का हमला, 20 से अधिक कर्मचारी घायल

**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश के उत्तर बस्तर कांकेर में लोकसभा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया है। इस हमले में करीब 20 कर्मचारी घायल हो गए हैं। इन कर्मचारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले जाया गया है। छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे 20 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए, 6 घायल कर्मचारियों को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापुर में भर्ती कराया गया है। वहीं जब मधुमक्खियों की हमले की सूचना पर भानुप्रतापपुर एसडीएम घायल कर्मचारियों से मिलने पहुंचे और उनका हाल जाना, बतादे कि इसी महीने 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान होना है। जिसमें कांकेर लोकसभा सीट भी शामिल है।



**कैसे हुआ हादसा :** बतादें कि यह पूरा मामला कांकेर लोकसभा के भानुप्रतापपुर का बताया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में मधुमक्खियों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया है। भानुप्रतापुर के एक निजी स्कूल सेंट जोसेफ में कर्मचारियों को आगामी चुनाव के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था उस वक्त दी मौजूद मधुमक्खियों की झुंड ने कर्मचारियों को काट लिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई और मधुमक्खियों से बचने कर्मचारी इधर उधर भागने लगे थे।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने नया प्लान प्रॉमिस4ग्रोथ पेश किया है

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल 2024** – केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा की राह पर चलने के इच?छुक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) प्रॉमिस4ग्रोथ पेश किया है। यह प्रोडक्ट संपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करने, व्यापक सुरक्षा के साथ एक आकर्षक निवेश विकल्प पेश करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के ÷प्रॉमिस4ग्रोथ÷ प्लान में काफी लचीलापन है। इसमें एक नए फंड - ÷मिडकैप मोमेंटम ग्रोथ इंडेक्स फंड÷ सहित तमाम निवेश विकल्प मिलते हैं। इसमें व्यक्तिगत निवेशकों के लिए काफी ज्यादा ग्रोथ की संभावनाएं हैं। प्रॉमिस4ग्रोथ प्लान में ग्राहक वित्तीय समृद्धि की दिशा में एक लंबा रास्ता तय कर सकते हैं। इस प्लान में कई फंड्स में से चुनाव कर सकते हैं। इससे निवेशक विभिन्न आर्थिक चक्रों और उपलब्धियों को हासिल करने के लिए उपलब्ध फंड्स के बीच आसानी से स्विच कर सकते हैं।

इस मौके पर केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफीसर - ऑल्टरनेट चैनल्स एवं चीफ स्ट्रैटेजी ऑफीसर श्री ॠषि माथुर ने कहा, ÷हम लोगों के तमाम तरह के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हमारे नए यूलिप प्रोडक्ट, प्रॉमिस4ग्रोथ का अनावरण करके खुश हैं। प्रॉमिस4ग्रोथ के साथ, हमें मिडकैप शेयरों में निवेश करने वाले एक नए फंड सहित नए निवेश अवसर पेश करने पर गर्व है। हमने पॉलिसीधारकों के रिटर्न को बढ़ाने के लिए बहुत कम शुल्क, मॉर्टैलिटी शुल्क की वापसी और बड़े बूस्टर के साथ एक बेहतर प्रोडक्ट तैयार किया है। हमें उम्मीद है कि नया प्रोडक्ट हमारे ग्राहकों की वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। यह ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा में सपोर्ट देने, उनकी वित्तीय आकांक्षाओं के अनुरूप समाधान पेश करने और उनकी जरूरतों के मुताबिक सावधानीपूर्वक नए प्रोडक्ट तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह नया प्रोडक्ट तीन खास प्लान ऑप्शंस - प्रॉमिस4वेल्थ, प्रॉमिस4केयर और प्रॉमिस4लाइफ के साथ अलग-अलग वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है। इनसे प्रत्येक अलग-अलग बचत लक्ष्यों और जीवन चरणों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। रिटर्न ऑफ मॉर्टैलिटी कमीशन (RoMC) पारदर्शिता बनाए रखते हुए जीवन बीमा पॉलिसीज की वैल्यू बढ़ाती है। इसके साथ है ये उस विश्वास का प्रतीक है जो एक जीवन बीमा कंपनी के रूप में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस प्रतिबद्धता को परिभाषित करती है।

## झूठा है राहुल गांधी का देश में गरीबी बढ़ने का दावा; भाजपा पहुंची चुनाव आयोग, सख्त ऐक्शन की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जनता को गुमराह करने और भाषा-क्षेत्र के आधार पर देश को बांटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्टी ने चुनाव आयोग से राहुल गांधी के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने के बारे में झूठा दावा कर रहे हैं। भाजपा ने सोमवार को अपनी शिकायत में राहुल गांधी पर चुनावी माहौल को खराब करने के लिए भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में उत्तर-दक्षिण विभाजन जारी रखने का भी आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से संपर्क किया और गांधी पर लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के खिलाफ गलत प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा कांग्रेस नेता के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद चुघ ने संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी झूठा अभियान चला रहे हैं कि देश में 20 करोड़ से अधिक लोग गरीब हो गए हैं, जबकि उनके पास अपने दावे को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

# शादियों तक पहुंचा लोकसभा चुनाव का जोश, मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ

**अलीगढ़, एजेंसी।** 26 अप्रैल को अलीगढ़ जिले में मतदान होना है। इससे पूर्व अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कोशिश है प्रत्येक वोटर इस बार मतदान करे। इसे लेकर स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में विभाग अब शादी समारोह में जाकर भी अतिथियों को मतदान करने के लिए शपथ दिला रहे हैं। रविवार को अधिकारी आगरा रोड स्थित शादी समारोह में पहुंचे और लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

मतदान को लेकर प्रशासन की तरफ से ग्रामीण इलाकों में किसान पाठशालाएं हो रही हैं। विभिन्न विभागों में रोज शपथ ग्रहण कराई जा रही है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब विवाह समारोह में भी प्रशासन ने शिरकत करना शुरु कर दिया है। रविवार को आगरा रोड स्थित गार्डन में एक विवाह समारोह था। डीपीआरओर धनंजय जायसवाल व अन्य



विभाग के लोग समारोह में शामिल हुए। सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में स्वीप अभियान तहत मतदाताओं को जागरूक व शिक्षित करने के लिए सीडीओ के निर्देशन पर एक अनोखी पहल शुरु की गई है। पहले मतदान फिर नमाजः- अलीगढ़ शहर मुफ्ती 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान दिवस होने की वजह से शहर मुफ्ती ने सभी नमाजियों से अपील की है। उन्होंने जुमा के दिन पहले मतदान फिर नमाज पढ़ने के लिए अपील किया है। शहर मुफ्ती मो. खालिद हमीद ने पत्र जारी करते हुए लिखा कि 26 अप्रैल शुक्रवार को जुमा का दिन है। इसी दिन अलीगढ़ में लोकसभा के लिए मतदान होना है।

उन्होंने सभी से अपील कि आप सब पहली फुरसत में सुबह के समय मतदान करें। क्योंकि बतौर नागरिक मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है। वोट किसी भी हालत में करें। मतदाताओं को किया जागरूक याहू फ्रेंड्स क्लब का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जागरूक मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने जागरूक मतदाता बने, आओ हम सरकार बनाएं, सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए।

## बृजभूषण शरण सिंह का कट सकता है टिकट, पत्नी केतकी को मिल सकता है मौका

**कैसरगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, लेकिन रायबरेली और कैसरगंज जैसी चर्चित सीटें अब भी बाकी हैं। कैसरगंज पर तो सभी की निगाह है क्योंकि यहां से बाहुबली नेता बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के सांसद हैं। उनका टिकट अब तक फाइनल नहीं हुआ है और पार्टी ने यह भी संकेत नहीं दिए हैं कि दि बृजभूषण चुनाव में नहीं उतरे तो उनकी जगह पर कौन होगा। इस बीच पार्टी सूत्रों का कहना है कि बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर फैसला उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की वजह से भी टल रहा है।

यह मामला कोर्ट में चल रहा है और दिल्ली की अदालत इसी महीने के अंत तक फैसला सुना सकती है। ऐसे में भाजपा हाईकमान चाहता है कि अदालत के फैसले को देखने के बाद भी टिकट तय किया जाए। कहा जा रहा है कि यदि फैसला बृजभूषण शरण सिंह के फेवर में रहा, तब तो उन्हें टिकट मिल सकता है। अन्यथा उनके ही परिवार के किसी मेंबर को उम्मीदवार



बनाया जा सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी पत्नी केतकी सिंह के नाम की चल रही है। केतकी सिंह पहले भी 1996 से 1998 तक सांसद रह चुकी हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बृजभूषण परिवार में भी किसी को अपनी जगह टिकट नहीं देना चाहते और खुद लड़ना चाहते हैं।

इसलिए भाजपा के लिए कैसरगंज सीट पर फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। भाजपा हाईकमान बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों वाले मुकदमे का हवाला देते हुए कहा रहा है कि आप इस पर फैसले का इंतजार करिए। यदि आपके पक्ष में फैसला आया तो चुनाव लड़ें, वरना परिवार के किसी सदस्य को मौका दें। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि केतकी सिंह को उतारने से महिला कार्ड भी मजबूत होगा। पीएम नरेंद्र मोदी खुद महिलाओं को लगातार प्रमोट करने की बात कर रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला आने वाला था। लेकिन बृजभूषण ने अपील दायर की थी कि अभी इस मामले में और जांच की जाए। उनकी अर्जी पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और इसी महीने के अंत तक निर्णय सुना सकती है। बृजभूषण ने अपनी अर्जी में यह भी दलील दी थी कि जिस दिन एक महिला पहलवान ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, उस दिन वह देश से ही बाहर थे।

## 26/11 हमला दोहराने का प्लान? अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने वाला गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के घर और कार्यालयों के पास टोह लेने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई से गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल और जासूसी विभाग ने यह गिरफ्तारी की। सीनियर अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई। उसने डायमंड हार्बर सीट से तृणमूल सांसद और उनके निजी सहायक का नंबर लेने के बाद उन्हें फोन करने की कोशिश की। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी ने दावा किया कि रेगे ने अन्य लोगों के अलावा पूर्व में मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी डेविड हेडली से मुलाकात की थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 26/11 हमला दोहराने का प्लान बनाया जा रहा था?

सीनियर अधिकारी ने कहा, 'आज हमारे अधिकारियों ने राजाराम रेगे को मुंबई से गिरफ्तार किया। वह कोलकाता आया था, यहां रुका था और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालयों और आवास टोह ली थी। उसने बनर्जी और उनके पीए के मोबाइल फोन नंबर प्राप्त किए और उनसे संपर्क करने की कोशिश की।' मुंबई लौटने से पहले रेगे कोलकाता के शेक्सपियर सरणी इलाके के एक होटल में रुका था। उस पर भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक षड्यंत्र रचने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

**ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर उठाए गंभीर सवाल :** यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब पश्चिम



बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है और वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया। इस पर ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का हर किसी से आग्रह करते हैं।

# डिंपल यादव समेत अब तक 35 प्रत्याशी बिना लड़े जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव, कांग्रेस नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई प्रत्याशी बिना मतदान के ही विजेता घोषित कर दिया गया है। भाजपा के मुकेश दलाल को सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। इस तरह गिनती से पहले ही भाजपा का खाता खुल चुका है। दरअसल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में कमी पाए जाने के बाद पर्चा खारिज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक प्रत्याशी के दस्तखत में समस्या पाई गई थी।

देश में 1951 से ही लोकसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। इतने सालों में केवल 35 उम्मीदवार बिना मतदान के ही निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीते हैं। इनमें समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव भी शामिल हैं। दरअसल 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में उनके सामने कोई भी उम्मीदवार नहीं था। ऐसे में डिंपल यादव की निर्विरोध जीत हुई थी।

निर्विरोध जीत के मामले में कांग्रेस नंबर 1 पर है। डिंपल यादव के अलावा अन्य नेताओं की बात करें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला, टीटी कृष्णामाचारी, पीपी सईद, वाईबी चव्हाण और एससी जमीर शामिल हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा प्रत्याशी निर्विरोध जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1957 में जब दूसरी बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तो सात उम्मीदवार



निर्विरोध ही जीत गए थे। 1951 में पांच और 1967 में पांच उम्मीदवार इसी तरह निर्विरोध जीते थे।

गुजरात में एक भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत के बाद अब 25 लोकसभा सीटों के लिए 265 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारी ने बताया कि सोमवार 22 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं।

गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''12 से 19 अप्रैल के बीच 26 लोकसभा सीटों के लिए कुल 433 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा, पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए।' इसमें कहा गया, ''20 और 21 अप्रैल को हुई जांच प्रक्रिया के दौरान 105 लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जिससे संख्या घटकर 328 रह गई। इसी तरह, विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 उम्मीदवार जांच के बाद पात्र पाए गए।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।